दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। मंगलवार 12 नवंबर-2024 | ● वर्ष : 9 अंक : 319 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3

## जस्टिस संजीव खन्ना बने भारत के 51वें चीफ जस्टिस



**नई दिल्ली।** जस्टिस संजीव खन्ना ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में भारत के 51वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति भवन में आयोजित सादे और गरिमापूर्ण समारोह में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने उनको पद की शपथ दिलाई। इससे पहले जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ रिटायर हुए थे। जस्टिस खन्ना के नाम की सिफारिश जस्टिस चंद्रचूड़ ने की थी। चंद्रचूड़ 10 नवंबर को 65 साल की उम्र में इस पद से रिटायर हुए। 14 मई 1960 को जन्मे जस्टिस संजीव खन्ना ने दिल्ली विश्वविद्यालय के कैंपस लॉ सेंटर से कानून की पढ़ाई की।

# लाठीचार्ज के विरोध में अधिवक्ताओं ने की दो घंटे सड़क जाम

# आज दहन करेंगे जिला जज का पुतला


सड़क पर आंदोलन


जाम से परेशान जनता

## आंदोलन के चलते परेशान रहे लोग, पैदल तय किया सफर

## पुलिस ऑफिस के सामने वकीलों ने बिछाई दरी और ढोल बजाकर किया प्रदर्शन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** 29 अक्टूबर को गाजियाबाद जिला जज के कोर्ट रूम में अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में पश्चिमी उत्तर प्रदेश सहित 22 जिलों के अधिवक्ताओं की हड़ताल सोमवार से धरना-प्रदर्शन के बाद अब रोड जाम के साथ शुरू हो गई है। सोमवार को गाजियाबाद बार एसोसिएशन के बैनर तले बड़ी संख्याओं में महिला एवं पुरुष अधिवक्ताओं ने सड़क जाम करते हुए सड़क पर दरी बिछाई और धरना-प्रदर्शन करते हुए जिला जज पर कार्रवाई और लाठीचार्ज करने वाले पुलिसकर्मियों को हटाने की मांग की है। इस दौरान अधिवक्ताओं ने जिला जज के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वहीं बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष दीपक शर्मा और सचिव अमित नेहरा ने बताया है कि अब 12 नवंबर मंगलवार को अधिवक्ता मुख्य मार्ग को विरुद्ध करने के लिए जाएंगे, तो जिला जज गाजियाबाद का पुतला मार्ग पर ही दहन करेंगे। अधिवक्ताओं के प्रदर्शन के चलते सोमवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में हापुड़ चुंगी चौराहे से लेकर बस अड्डे तक के प्रमुख मार्गों पर रूट डायवर्जन रहा, तो वहीं कई जगह लोगों को जाम से भी दो-चार होना पड़ा।

## बार के वर्तमान और पूर्व अध्यक्ष बोले, संघर्ष रहेगा जारी



"बार एसोसिएशन गाजियाबाद जब तक धरना-प्रदर्शन, आंदोलन करेगी, जब तक जिला जज को हटाया नहीं जाता और लाठी चार्ज करने वाले दोषी पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई नहीं की जाती है।
**दीपक शर्मा, अध्यक्ष बार एसोसिएशन गाजियाबाद**



"जिला जज ने बेवजह पुलिस की ताकत का इस्तेमाल किया है। जिस तरीके से बार रूम में अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज हुआ है यह बेहद निंदनीय है। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ, इसका लगातार विरोध करेंगे।
**नाहर सिंह यादव, पूर्व बार अध्यक्ष गाजियाबाद**



"गाजियाबाद के वकीलों ने सदैव बिना डरे काम किया है। वकीलों पर पुलिस ने जो लाठीचार्ज किया है, बता जा रहा है कि जिला जज द्वारा ठीक निर्णय नहीं लिया गया है। सभी अधिवक्ता साथ हैं और यह लड़ाई जारी रहेगी।
**राकेश त्यागी कैली, पूर्व बार अध्यक्ष गाजियाबाद**



"गाजियाबाद के अधिवक्ताओं पर हुआ लाठीचार्ज का मामला अभी शांत नहीं होगा, जब तक जिला जज पर कार्रवाई नहीं होगी ,तब तक प्रदेश के सभी वकील और अधिवक्ता एक रहेंगे। यह लड़ाई अधिवक्ताओं की एकजुटता का भी संदेश है।
**मुनीष कुमार त्यागी, पूर्व बार अध्यक्ष गाजियाबाद**



"अधिवक्ता लगातार अपना आंदोलन शांतिपूर्वक चला रहे हैं लेकिन जिस तरीके से जिला जज का तबादला नहीं किया जा रहा है और दोषी पुलिसकर्मी गाजियाबाद में ही तैनात है, यह वकीलों के धैर्य को खुला चैलेंज है।
**विजय गौड़, वरिष्ठ अधिवक्ता बार गाजियाबाद**

**'जज का तबादला नहीं किया जाना और दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई नहीं होना वकीलों के धैर्य को खुला चैलेंज है।'**


सुरक्षा व्यवस्था


नारेबाजी


विरोध प्रदर्शन


रूट डायवर्जन

## तहसील में भी बंद रहा कामकाज, वकीलों ने दिखाई एकजुटता



करंट क्राइम : अधिवक्ताओं पर कोर्ट रूम के भीतर हुए लाठीचार्ज के विरोध में बार एसोसिएशन गाजियाबाद के साथ ही जिला बार एसोसिएशन और टैक्स बार एसोसिएशन के साथ ही तहसील गाजियाबाद भी समर्थन में आ गया है। सोमवार को तहसील में कामकाज बंद रहा। साथ ही रजिस्ट्री भी नहीं होने दी गई। हालांकि जानकारी मिली है कि मंगलवार से यहां रजिस्टयां शुरू हो जाएगी लेकिन कार्य का बहिष्कार लगातार जारी रहेगा। पूर्व तहसील बार अध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्ता वीरेंद्र कुशवाहा का कहना है कि जिस तरीके से कोर्ट रूम में अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज किया गया वह निंदनीय है। इस मामले में जिला जज और दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

## वकीलों ने मार्ग किया जाम, जिला जज के खिलाफ की नारेबाजी

करंट क्राइम : सुबह करीब 11:30 बजे से ही हापुड़ रोड पर दोनों तरफ वकीलों ने दरी बिछाकर धरना-प्रदर्शन और नारेबाजी शुरू कर दी थी। अधिवक्ताओं के प्रमुख चेहरे जिसमें बार अध्यक्ष दीपक शर्मा, पूर्व बार अध्यक्ष राकेश कैली, पूर्व बार अध्यक्ष रहे नाहर सिंह यादव, पूर्व अध्यक्ष रहे मुनीष त्यागी सहित बार के पूर्व सचिव स्नेह त्यागी, विश्वास त्यागी के साथ ही मनमोहन शर्मा, रोहित शर्मा, विनीत शर्मा, विजय गौड़, नरेंद्र गोगिया, शबनमखान, पूजा सिंह, सोनिका सहित अधिवक्ताओं की बड़ी संख्या में मौजूदगी देखने को मिली। इस दौरान जिला जज के खिलाफ जमकर नारेबाजी और रोष भी प्रकट किया गया।



## रोड जाम होने से परेशान रहे लोग, सर्विस रोड पर लगा रहा जाम



करंट क्राइम : सोमवार को अधिवक्ताओं की रोड जाम का पहला दिन था। रोड जाम होने की वजह से हापुड़ चुंगी चौराहे से लेकर पुराने बस अड्डे तक के प्रमुख कट और मार्ग को बंद कर दिया गया था। इस दौरान हल्के वाहनों को सर्विस रोड से निकाला जा रहा था लेकिन स्कूल-कॉलेजों, कार्यालयों और अपने आवश्यक काम से निकलने वाले लोगों को इस दौरान जाम से दो चार होना पड़ा। हालांकि रूट डायवर्जन सुबह करीब 11 से लेकर 2:30 तक रहा, लेकिन इस दौरान लोगों को जाम से जूझना पड़ा। इस दौरान आरडीसी इलाके में वाहनों की लंबी कतारें देखी गई। तो वही लोगों को बड़े वाहन त्याग कर छोटे वाहनों से लिफ्ट लेते भी देखा गया। इस दौरान महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भी रूट डायवर्जन की वजह से परेशान हुए।

## पुलिस ने नहीं बढ़ाए कदम, पर तैनात रही आरआरएफ

करंट क्राइम : अधिवक्ताओं के प्रदर्शन, रोड जाम और हड़ताल की वजह से सोमवार को पुलिस ऑफिस के सामने भारी संख्या में आरआरएफ के जवानों की तैनाती देखने को मिली है। खुद एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव यहां पुलिस के साथ मौजूद रहे। तो यातायात पुलिस के टीआई मनोज और थाना कवि नगर प्रभारी योगेंद्र मलिक भी पुलिसकर्मियों के साथ ड्यूटी पर तैनात रहे। इस दौरान एलआईयू के अधिकारी भी पूरे घटनाक्रम पर नजर रखने का काम कर रहे थे। वहीं एलआईयू का लोकल स्टाफ और इंटेलीजेंस के लोग भी वकीलों के पूरे आंदोलन के घटनाक्रम की जानकारी उच्च अधिकारियों तक भेजने का काम कर रहे थे।





## वकीलों ने बजवाए ढोल और की जिला जज के निलंबन की मांग

करंट क्राइम : बड़ी संख्या में युवा और महिला अधिकवक्ताओं ने इस पूरे आंदोलन की कमान संभाली हुई थी। इस दौरान अधिवक्ताओं ने ढोल वालों से ढोल बजवाया तो जिला जज के निलंबन के लिए नारेबाजी भी जमकर की गई।

## आज अधिवक्ता दहन करेंगे जिला जज का पुतला

करंट क्राइम : बार एसोसिएशन गाजियाबाद ने जानकारी दी है कि बार एसोसिएशन गाजियाबाद की मांगे पूरी नहीं होने तब बार एसोसिएशन गाजियाबाद उत्तर प्रदेश की समस्त बार और पूर्वांचल बार एसोसिएशन से सहयोग समर्थन दिए जाने की अपेक्षा करती है। साथ ही मंगलवार को जिला जज गाजियाबाद दशम का पुतला मुख्य मार्ग पर दहन करने का कार्यक्रम 12 बजे से 2:00 के बीच किया जाएगा।

## 16 नवंबर को गाजियाबाद में होगी वकीलों की महापंचायत

करंट क्राइम : 11 से 15 नवंबर तक प्रदेश के सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ, शामली, बागपत, हापुड़, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, हाथरस, कासगंज, मैनपुरी, अमरोहा, रामपुर, मुरादाबाद, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, एटा और बिजनौर में दोपहर 12 बजे से 2 तक रोड जाम किया जाएगा। इस दौरान इन जिलों में अधिवक्ता कोई कार्य नहीं करेंगे। इसके बाद 16 नवंबर को गाजियाबाद में अधिवक्ताओं की महापंचायत होगी। जिसमें आगे का निर्णय लिया जाएगा।







## 29 अक्टूबर को हुआ था विवाद

करंट क्राइम : गाजियाबाद बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष नाहर सिंह यादव ने बताया कि 29 अक्टूबर को वकील और जिला जज के बीच हुए विवाद के बाद पुलिस ने वकीलों पर लाठीचार्ज हुआ था, तभी से वकील इसके विरोध में आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने कहा अभी तक गाजियाबाद बार एसोसिएशन के अधिवक्ता कचहरी के अंदर हड़ताल कर शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन कर रहे थे लेकिन सोमवार से इस आंदोलन का स्थान और स्टाइल बदल दिया गया है।



# पटाखों पर प्रतिबंध को लेकर सुप्रीम कोर्ट की कड़ी फटकार

# 'कोई भी धर्म प्रदूषण को बढ़ावा नहीं देता'

**नई दिल्ली।** अदालत ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के सभी राज्यों से भी ये बताने को कहा है कि उन्होंने प्रदूषण को कम करने के लिए क्या-क्या कदम उठाए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार से भी कहा कि वह हितधारकों से परामर्श के बाद 25 नवंबर से पहले पटाखों पर 'स्थायी' प्रतिबंध लगाने पर फैसला करे। सुप्रीम कोर्ट ने पटाखों पर प्रतिबंध के उसके आदेश को गंभीरता से न लेने के लिए दिल्ली पुलिस को कड़ी फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पटाखों पर प्रतिबंध पूरी तरह से लागू नहीं किया गया और महज दिखावा किया गया। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली पुलिस से उसके आदेश के पूर्ण पालन के लिए स्पेशल सेल बनाने का निर्देश दिया। साथ ही यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया कि बिना लाइसेंस के कोई भी पटाखों का उत्पादन और उनकी बिक्री न कर सके।



### 'कोई भी धर्म प्रदूषण को बढ़ावा नहीं देता'

सुप्रीम कोर्ट ने अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि 'ऐसा माना जाता है कि कोई भी धर्म किसी भी ऐसी गतिविधि को बढ़ावा नहीं देता, जो प्रदूषण को बढ़ाती है या लोगों की सेहत को नुकसान पहुंचाती है।' जस्टिस अभय एस ओक और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की सदस्यता वाली पीठ ने कहा कि अगर पटाखे इसी तरह से फोड़े जाते रहे तो इससे नागरिकों का सेहत का मौलिक अधिकार प्रभावित होगा।

### दिल्ली पुलिस कमिश्नर को हलफनामा दाखिल करने का निर्देश

दिल्ली सरकार ने दिवाली से पहले पटाखों पर प्रतिबंध का निर्देश जारी किया था। हालांकि इसके बावजूद दिवाली पर खूब पटाखे छूटे और पटाखों पर प्रतिबंध का या तो बहुत कम या कई जगहों पर बिल्कुल प्रभाव नहीं पड़ा। इस पर दिल्ली पुलिस के आयुक्त ने हलफनामा दाखिल कर सुप्रीम कोर्ट को बताया कि पटाखों के उत्पादन और निर्माण को लेकर क्या-क्या कदम उठाए गए। हालांकि सुप्रीम कोर्ट तर्कों से संतुष्ट नहीं हुआ। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली पुलिस से नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि आपने सिर्फ कच्चा माल जब्त करके महज दिखावा किया। पटाखों पर प्रतिबंध को गंभीरता के साथ लागू नहीं किया गया। अदालत ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के सभी राज्यों से भी ये बताने को कहा है कि उन्होंने प्रदूषण को कम करने के लिए क्या-क्या कदम उठाए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार से भी कहा कि वह हितधारकों से परामर्श के बाद 25 नवंबर से पहले पटाखों पर 'स्थायी' प्रतिबंध लगाने पर फैसला करे। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार के प्रति भी नाराजगी जाहिर करते हुए पूछा कि आपने पटाखों पर प्रतिबंध का एलान देरी से क्यों किया। कोर्ट ने कहा कि जब तक सरकार ने एलान किया तब तक हो सकता है कि लोगों ने पटाखे खरीदकर रख लिए होंगे। गौरतलब है कि राजधानी दिल्ली समेत पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु प्रदूषण की समस्या गंभीर बनी हुई है।

# पीएम मोदी ने विज्ञापन पर कांग्रेस को घेरा बोले नेहरू से लेकर राजीव तक आरक्षण के विरोधी रहे

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को झारखंड भाजपा के बूथ कार्यकताओं से ऑनलाइन संवाद के दौरान कांग्रेस को आरक्षण विरोधी करार दिया। ह्यमेरा बूथ सबसे मजबूतह्न कार्यक्रम में उन्होंने कांग्रेस की ओर से अखबार में दिए गए एक पुराने विज्ञापन का जिक्र करते हुए कहा, आज मुझे सोशल मीडिया पर कांग्रेस का एक पुराना विज्ञापन लोगों ने भेजा है। मैं तो हैरान हूं कि कैसा विज्ञापन छापते थे। ये विज्ञापन जिस समय राजीव गांधी कांग्रेस के नेता थे, उस जमाने का है। उस विज्ञापन में एससी-एसटी, ओबीसी को भद्दा पेश किया गया है और साफ-साफ बताया गया है कि उन्हें आरक्षण देने से देश को कितना नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि एक समय था, जब पूरे देश में पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक कांग्रेस ही थी। जब तक सत्ता में कांग्रेस थी, तब तक देश में आरक्षण की बात करने की हिम्मत ही नहीं होती थी। ऐसी आवाजों को कांग्रेस कुचल देती थी, क्योंकि नेहरू जी से लेकर राजीव गांधी तक, शाही परिवार के सभी लोग आरक्षण के घोर विरोधी रहे हैं। धीरे-धीरे लोगों को बाबासाहेब अंबेडकर की बातें समझ में आने लगीं और जब एससी, एसटी, ओबीसी समाज एकजुट हुआ, तब से लेकर आज तक कांग्रेस केंद्र में पूर्ण बहुमत की सरकार ही नहीं बना पाई। आज देश के कुछ ही राज्यों में गिनकर कांग्रेस की सरकार चल रही है इसलिए कांग्रेस का शाही परिवार नाराज है और उसने एससी-एसटी की सामूहिक शक्ति को तोड़ने का फैसला किया। पिछले कुछ सालों से इनका यही एजेंडा बना हुआ है।



उन्होंने कांग्रेस की गारंटियों और वादों को झूठा करार दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जहां-जहां सत्ता में है, वहां के लोगों को ऐसे ही ठगा है। आपने तो सुना ही होगा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे तो खुद कहते हैं कि इनकी पार्टी ने झूठी गारंटियां दी हैं। जितना कर सकते हैं, उतनी ही गारंटी दो। परिवारवादी पार्टियां, भ्रष्टाचारी तो होती ही हैं, साथ ही समाज के प्रतिभाशाली नौजवानों के रास्ते में सबसे बड़ी दीवार होती हैं। जेएमएम के परिवारवादियों ने कांग्रेस के शाही परिवार से ऐसी गंदी चीजें सीखी हैं, जिसमें उन्हें कुर्सी और खजाना दो ही चीजों की चिंता रहती है, नागरिकों की उन्हें परवाह ही नहीं होती है। उन्होंने कहा कि झारखंड संभावनाओं से भरा राज्य है, लेकिन यहां शासन कर रही पार्टियों ने इसे तबाह कर रखा है।

# योगी सरकार ने 14 लाख गर्भवती महिलाओं को दी निजी केंद्रों पर फ्री अल्ट्रासाउंड की सौगात

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेशवासियों को सुगम, सस्ता और गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध कराने के लिए लगातार अहम कदम उठा रहे हैं। इसी का नतीजा है कि पिछले साढ़े सात वर्ष में प्रदेश के हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर में बड़ा बदलाव हुआ है, जिसने कभी बीमारू प्रदेश कहे जाने वाले उत्तर प्रदेश को आज उत्तम प्रदेश की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया है।

इसी के तहत योगी सरकार द्वारा गर्भवती महिलाओं को निजी अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर फ्री अल्ट्रासाउंड की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। अब तक 6 लाख से अधिक गर्भवती महिलाएं सुविधा का लाभ उठा चुकी हैं। इतना ही नहीं, योगी सरकार द्वारा गर्भवती महिलाओं को प्रदेश के किसी भी जिले के इम्पैनल्ड निजी अल्ट्रासाउंड केंद्र पर फ्री अल्ट्रासाउंड की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है ताकि उन्हें सुविधा का लाभ उठाने के लिए भटकना न पड़े। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जच्चा-बच्चा के स्वास्थ्य को लेकर काफी गंभीर हैं। ऐसे में, उन्हें गुणवत्तापूर्ण इलाज के साथ ही पुष्टाहार उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सीएम योगी की मंशा के अनुरूप प्रदेश की गर्भवती महिलाओं को पीपीपी मोड पर फ्री अल्ट्रासाउंड के लिए ई-रुपी वाउचर की सुविधा फरवरी 2023 से उपलब्ध कराई जा रही है। यह सुविधा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत निजी अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर दी जा रही है।



मिशन निदेशक ने बताया कि सुविधा का लाभ देने के लिए प्रदेश के 75 जिलों में 1,861 निजी अल्ट्रासाउंड केंद्रों को इम्पैनल्ड किया गया है। शासन द्वारा अब तक गर्भवती महिलाओं को 14,50,238 ई-रुपी वाउचर जारी किए जा चुके हैं। वहीं, गर्भवती महिलाओं द्वारा 6,81,341 ई-रुपी वाउचर का लाभ उठाया जा चुका है। गर्भवती महिलाएं एक माह तक जारी ई-रुपी वाउचर का लाभ उठा सकती हैं। इसके बाद यह स्वतः कैंसिल हो जाता है। वहीं गर्भवती महिला द्वारा समय सीमा में लाभ न उठा पाने पर वह दोबारा ई-रुपी वाउचर प्राप्त कर सकती हैं। मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने बताया कि सीएम योगी के निर्देश पर गर्भवती महिलाओं को जिला महिला चिकित्सालय, संयुक्त चिकित्सालय, सीएचसी के साथ पीएचसी पर हर माह की 4 पीएमएसएमए दिवसों क्रमशः 1, 9, 16 और 24 तारीख को ई-रुपी वाउचर जारी किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि उच्च स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सुविधा का ज्यादा लाभ देने के लिए अभियान और प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए हैं। ऐसे में सीएम योगी के निर्देश पर आशा कार्यकत्रियों द्वारा घर-घर जाकर सुविधा के बारे में बताया जा रहा है।

## साधु के वस्त्र पहनते हैं, भाषा टेररिस्टों की बोलते हैं : खड़गे



**पलामू।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा का नाम लेकर उन पर बड़ा जुबानी हमला किया। झारखंड की छतरपुर विधानसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री खुद को बैकवर्ड का बेटा बताते हैं, लेकिन वह फॉरवर्ड को सपोर्ट करते हैं। वह बैकवर्ड को कुचलने वालों को सपोर्ट करते हैं। खड़गे ने योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए कहा कि वे साधु का ड्रेस पहनते हैं, पर लोगों के बीच आकर ह्यबंटेंगे तो कटेंगेह्न जैसी बात बोलते हैं, क्या ये साधु का काम है? ऐसा कोई टेररिस्ट बोल सकता है, साधु नहीं बोल सकते हैं।

### संबध- विच्छेद

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं वीनू जाटव पत्नि स्व धमेन्द्र जाटव निवासी मं०नं०- 259 प्रहलाद गढी वसुंधरा इन्द्रापुरम गाजियाबाद अपने पुत्री शीनू जाटव के गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद करता हूं।भविष्य में अपने कृत्यों के लिए ये स्वयं जिम्मेदार होगी।

## कार्यालय सेनानायक टास्क फोर्स 47वीं पीएसी गाजियाबाद

पत्र संख्या : ठ-04/2024

दिनांकः 9 नवंबर, 2024

### टेन्डर/निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि टास्क फोर्स 47वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद में चाय कैन्टीन जिसमें चाय, मिठाई, नमकीन आदि के बेचने हेतु 01 वर्ष की अवधि (दिनांक 01-12-2024 से दिनाँक 30-11-2025 तक) के लिये ठेकेदारो से मुहरबन्द निविदा (टेण्डर) आमंत्रित की जाती है। पुलिस/पीएसी विभाग में सफलतापूर्वक कैन्टीन चलाने वाले ठेकेदारों को वरीयता दी जायेगी।

1- टेण्डर फार्म नियत तिथि से पूर्व किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10:00 बजे 16:00 बजे तक रू0 400 नकद (निर्धारित देय जीएसटी अतिरिक्त) देकर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किये जा सकते है। निविदा सील्ड बन्द लिफाफे मे सेनानायक टास्कफोर्स 47वीं वाहिनी गाजियाबाद के कार्यालय में दिनांक 11-2024 को दोपहर 12:00 बजे तक अवश्य पहुँच जानी चाहिए। निविदा के साथ रिवेट की कुल धनराशि जो ठेकेदार ने टेण्डर में अंकित की है, के 02 प्रतिशत के हिसाब से बयाने की राशि नकद रूप में निविदा के साथ लगानी होगी। यह राशि जिसका टेण्डर निरस्त होगा तत्काल वापस कर दी जायेगी।

2- निविदा दिनांक 24-11-2024 को अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा दोपहर बाद खोली जायेंगी।

3- सेनानायक इस बात का पूर्ण अधिकारी होगा कि वह कोई निविदा स्वीकार/अस्वीकार कर सकते है। अपूर्ण निविदा स्वतः निरस्त समझी जायेगी। निविदा का विषय, धनराशि एवं ठेकेदार का नाम व पूरा पता स्पष्ट रूप में अंकित होना चाहिए।

4- जिस व्यक्ति की निविदा स्वीकृत होगी उसे सूचना मिलते ही 10 दिवस के अन्दर रू0 2000/- वतौर जमानत धनराशि के रूप में व एक माह का अग्रिम रिवेट निविदा की धनराशि वाहिनी के आंकिक कार्यालय में जमा करनी होगी। जमानत धनराशि ठेका समाप्त होने के बाद वापस कर दी जायेगी। जिस व्यक्ति की निविदा स्वीकृत होगी उसे सूचना मिलने के 10 दिवस के अन्दर एग्रीमेण्ट डीड नॉन जुडिशियल स्टाम्प पेपर पर भरना होगा। जिसमें दिये गये प्रतिबन्धों को मानने के लिये व्यक्ति बाध्य होगा। यदि किन्ही परिस्थितियों में ठेकेदार द्वारा अनुबन्ध पत्र की शर्तों का उल्लघंन किया जाता है तो ऐसी स्थिति में स्वीकृत की गयी निविदा निरस्त कर दी जायेगी।

5- यह निविदा स्वीकृत होने के बाद सम्बन्धित व्यक्ति /ठेकेदार निर्धारित अवधि के अन्दर जमानत/अग्रिम रिवेट की राशि व अनुबन्ध पत्र जमा नहीं करता है या प्रतिमाह स्वीकृत निविदा की धनराशि व अन्य चार्जेज नियत तिथि पर जमा नहीं करता है तो उसके द्वारा जमा की गयी बयाने की राशि जब्त करते हुए दूसरे व्यक्ति की निविदा स्वीकृत कर दी जायेगी अथवा पुनः निविदा आमत्रित की जा सकती है। इस सम्बन्ध में सेनानायक जो उचित समझे, कार्यवाही की जा सकती है।

**ठेकेदार को निम्नलिखित शर्त माननी होगीः-**

1- निविदा डालने वाले व्यक्ति को वाहिनी फण्ड में रिबेट देना होगा। निविदा लेने वाले ठेकेदार को यह स्पष्ट रूप से अपनी निविदा में दिखाना होगा कि वह व्यक्ति निविदा प्रेषित करें जिसे यह शर्त रिबेट के अतिरिक्त मान्य होगा।

2- ठेकेदार को निम्न शर्तों पर फार्म भरना होगा। वह व्यक्ति निविदा प्रेषित करे जिसे यह शर्त रिबेट के अतिरिक्त मान्य होगा।

| | |
|---|---|
| भवन किराया | रु० 4000/- प्रतिमाह |
| पानी चार्ज- | रु० 150/- प्रतिमाह |
| बिजली चार्ज- | रू० 8/ यूनिट की दर से |
| सफाई- | रू0 650/- प्रतिमाह |

3- ठेकेदार कैन्टीन में या उसके पास किसी प्रकार का कोई निर्माण कार्य या परिवर्तन सेनानायक की अनुमति के बिना नहीं करेगा।

4- सेनानायक के अनुमोदन पर ठेकेदार को कैन्टीन की स्वच्छता, बैठने आदि का आवश्यक परिवर्तन करने के लिये बाध्य होगा।

5- ठेका अवधि 12 माह की होगी। सेनानायक को यह हक होगा कि एक माह का नोटिस देकर ठेका निरस्त कर सकते है।

6- कैन्टीन में कोई नशीली वस्तु तस्करी का सामान तथा स्वास्थ्य के लिये हानिकारक वस्तुयें नहीं बेची जायेगी।

7- ठेकेदार द्वारा किसी भी अनुचर/आरक्षी/मुख्य आरक्षी को रू०-300/-एवं राजपत्रित अधिकारी / दलनायक / गुल्मनायक को रू० 500/- से अधिक का सामान उधार नहीं दिया जायेगा।

8- केन्टीन खोलने व बन्द करने का समय सेनानायक द्वारा निर्धारित किया जायेगा।

9- केन्टीन का किसी समय राजपत्रित अधिकारियों द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के निरीक्षण किया जा सकता है।

10- ठेकेदार का अनिवार्य होगा कि वह समान के मूल्य की सूची कैन्टीन के बाहर एवं अन्दर ऐसे स्थान पर लगायेगा जहाँ हर व्यक्ति आसानी से देख सकें।

11- कैन्टीन में कोई भी सामान बाजार की तुलना में किसी भी हालत में अधिक मूल्य पर नहीं बेचा जायेगा।

12- ठेकेदार कैन्टीन का ठेका किसी दूसरे व्यक्ति को नहीं दे सकता है

13- सेनानायक को यह अधिकार होंगे कि वह बिना कारण बताये कभी भी ठेका समाप्त कर सकते हैं।

सेनानायक
टास्क फोर्स, 47वी पीएसी
गाजियाबाद

# हमने साबित किया, सरकार न केवल स्कूल चला सकती है, बल्कि उन्हें शानदार भी बना सकती है : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर देश के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद को याद करते हुए उन्हें नमन किया। इस अवसर पर अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मौलाना अबुल कलाम आजाद इस देश में पैदा होने वाले हर बच्चे को अच्छी से अच्छी शिक्षा मुहैया कराने के पक्षधर थे। उनका यह सपना देश की राजधानी दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार ने पूरा करने काम किया है। हमारी सरकार ने दिल्ली में यह साबित किया है कि सरकार न केवल सरकारी स्कूल चला सकती है, बल्कि उन्हें शानदार भी बना सकती है। इसका परिणाम यह है कि आज दिल्ली में संपन्न लोग भी प्राइवेट स्कूलों से अपने बच्चों को निकलकर उनका सरकारी स्कूलों में एडमिशन करा रहे हैं। देश के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की स्मृति में हर साल 11 नवंबर को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि जहां पहले सरकारी स्कूलों की बात तक नहीं होती थी, आज वहां से गरीब परिवारों के बच्चे आईआईटी, जेईई और नीट जैसी परीक्षाएं पास कर रहे हैं, डॉक्टर, इंजीनियर, अफसर बन रहे हैं। और तो और अब लोग प्राइवेट स्कूल छोड़कर सरकारी स्कूलों में आ रहे हैं। दिल्ली में हमने साबित किया है कि सरकार न केवल स्कूल चला सकती है, बल्कि उन्हें शानदार भी बना सकती है।



## पीएम मोदी को बालासाहेब ठाकरे के लिए झूठा प्यार दिखाने की जरूरत नहीं : संजय राउत

**मुंबई।** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) से राज्यसभा सांसद एवं दिग्गज नेता संजय राउत ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर निशाना साधा। पीएम मोदी और अमित शाह ने शिवसेना (यूबीटी) को कांग्रेस से बालासाहेब ठाकरे की तारीफ कराने की बात पर संजय राउत ने कहा कि पीएम मोदी और अमित शाह एक जमाने में बहुत तारीफ करते थे, लेकिन अब उन्होंने बालासाहेब ठाकरे की शिवसेना के साथ जो विश्वासघात किया है, उसके बारे में बताना चाहिए। उन्होंने बालासाहेब ठाकरे की शिवसेना को बेचने का काम किया है। पहले खरीदा और फिर शिंदे को बेच दिया। उन्होंने कहा कि उनको बालासाहेब ठाकरे का नाम लेने का कोई अधिकार नहीं है। हमको पता है कि बाला साहेब ठाकरे क्या हैं और आप क्या हैं? एकनाथ शिंदे जैसे व्यक्ति, जिसका शिवसेना के निर्माण से कोई संबंध नहीं रहा, उसको आपने हमारी पार्टी को बेच दिया। तो ऐसे में अब उन लोगों को बालासाहेब ठाकरे को लेकर झूठा प्यार दिखाने की जरूरत नहीं है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के इस बयान पर की भाजपा की फसल तैयार हो गई है, अब सिर्फ कीटनाशकों को मारने की जरूरत है, पर संजय राउत ने कहा कि तो वो कीटनाशक को मारते क्यों नहीं हैं, हम उनको दवा भी दे देंगे। जम्मू-कश्मीर पर भाजपा को घेरते हुए संजय राउत ने कहा किजम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटने के बाद भी वहां आतंकवादी घटनाएं होती हैं और हमारे सुरक्षाकर्मी जान गंवा रहे हैं। वहीं, हमारे गृहमंत्री अमित शाह और पीएम मोदी महाराष्ट्र में डेरा डालकर बैठे हैं। उन्होंने जम्मू-कश्मीर और मणिपुर को हवा में छोड़ दिया है। बता दें कि महाराष्ट्र में कुल 288 विधानसभा सीटें हैं।



# शिवराज ने राहुल गांधी के जातिवाद वाले बयान पर दी प्रतिक्रिया, कहा- 'पहले राष्ट्र, फिर कास्ट'

**भोपाल।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को कांग्रेस पर कटाक्ष किया और राहुल गांधी के जातिवाद वाले बयान पर प्रतिक्रिया दी। शिवराज सिंह चौहान ने बुधनी में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि भाजपा सहयोगियों के साथ एनडीए सरकार बना रही है। यही वजह है कि कांग्रेस संभावित हार से घबराई हुई है।

केंद्रीय मंत्री ने राहुल गांधी के जातिवाद वाले बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कहा कि पहले राष्ट्र, फिर कास्ट, राहुल गांधी कितना बांटोगे? ये ही देश को तोड़ने और बांटने वाले लोग हैं। ये भेदभाव करने वाले लोग हैं। ये देश के हितैषी नहीं है, बल्कि वोटों की खातिर विदेशों में भी भारत की आलोचना करते हैं। इसके अलावा उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में किसानों को खाद की कोई कमी नहीं है। खाद्य की उपलब्धता के लिए सीएम मोहन यादव की ओर से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य के किसानों तक लगातार खाद्य पहुंचाई जा रही है। कहीं भी खाद्य कोई कमी नहीं है। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि बुधनी में जनता, भाजपा और शिवराज सब एक ही है। बुधनी मेरी आत्मा है। बुधनी में विकास, जनकल्याण का चुनाव है। विकास की गंगा लगातार बह रही है और बहती रहेगी। झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर भी शिवराज सिंह चौहान ने बयान दिया। उन्होंने कहा कि झारखंड में डबल इंजन की सरकार नए प्रतिमान स्थापित करेगी। राज्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति लोगों में श्रद्धा और विश्वास है।



प्रदेश के लोग जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन सरकार के कुशासन, भ्रष्टाचार और वादाखिलाफी से बहुत नाराज हैं। झारखंड में परिवर्तन की लहर चल रही है। मुझे पूरा भरोसा है कि भाजपा और एनडीए शानदार बहुमत हासिल करेगा और भ्रष्टाचारी सरकार को जनता उखाड़ फेंकेगी। बता दें कि मध्य प्रदेश की विजयपुर और बुधनी विधानसभा सीट पर उपचुनाव होने हैं। इसे लेकर राज्य में सभी राजनीतिक दलों के नेता जोर-शोर से चुनाव का प्रचार में जुटे हैं।

दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। मंगलवार 12 नवंबर-2024
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# अधिवक्ता आंदोलन को लेकर रखी विधायक-मंत्री अधिवक्ताओं ने अपनी राय

## कहा- वकीलों का सम्मान सर्वोपरि, पर चाहते हैं मसले का हल हो जाए



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद कोर्ट में अधिवक्ता हड़ताल पर हैं और वो अब आंदोलन के मूड में आ गए हैं। बार एसोसिएशन की ओर से भी उन विधायकों को पत्र लिखा गया था जो पेशे से अधिवक्ता हैं। दैनिक करंट क्राइम ने विधायक अधिवक्ताओं से बात की। कैबिनेट मंत्री और राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार अधिवक्ताओं से बात की और इस पूरे मामले पर उनकी राय को जाना।

### मैं खुद हूं अधिवक्ता और महत्वपूर्ण है अधिवक्ताओं का मान सम्मान



**करंट क्राइम।** कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा गाजियाबाद कोर्ट में अधिवक्ता के रूप में पंजीकृत हैं। दैनिक करंट क्राइम की बातचीत में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा एडवोकेट ने कहा कि सबसे पहली बात तो ये है कि यह एक परिवार का विवाद है। उन्होंने कहा कि न्यायालय और अधिवक्ता एक-दूसरे के पूरक हैं और एक परिवार हैं। परिवार का विवाद है तो इसे हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस देखेंगे। अपनी राय को लेकर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि मैं एक अधिवक्ता हूं और आजीवन अधिवक्ता रहूंगा। मेरे लिये अधिवक्ताओं का मान सम्मान सबसे महत्वपूर्ण है। मैं इस मामले में अधिवक्ता साथियों का जो भी सहयोग कर सकता हूं वो करूंगा। उन्होंने कहा कि ज्यूडिशरी का भी मान सम्मान कायम रहना चाहिए। न्यायालय का अपना सम्मान होता है।

### वकीलों को न्याय मिले, मैं हूं अधिवक्ताओं के साथः नरेंद्र कश्यप



**करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप गाजियाबाद कोर्ट में अधिवक्ता हैं। नरेंद्र कश्यप ने वकीलों के आंदोलन को लेकर कहा कि मैं अधिवक्ताओं के साथ हूं और वकीलों को न्याय मिलना चाहिए। विवाद को लेकर उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले की जांच उत्तर प्रदेश बार काउंसिल कर रही है। मुझे बार काउंसिल उत्तर प्रदेश पर भरोसा है और बार काउंसिल की जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उस पर आगे बढ़ेंगे। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने कहा कि कोर्ट में जो हुआ उसे बेहतर नहीं किया कहा जा सकता और इससे वकीलों के सम्मान की भी हानि हुई है। आंदोलन से वादकारियों को परेशानी हो रही है। वकीलों के आंदोलन को लोकतंत्र की आवाज बताते हुए राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने कहा कि लोकतंत्र में सभी को धरना प्रदर्शन के जरिए अपना विरोध जताने का अधिकार है, लेकिन मेरा कहना है कि जन सुविधाओं को ध्यान में रखकर आंदोलन होना चाहिए। वकीलों को न्याय मिले मैं अधिवक्ताओं के साथ हूं।

### मुझे है इस बात का शक, पूरे मामले में रचा गया षडयंत्रः नंदकिशोर गुर्जर



**करंट क्राइम।** लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर भी गाजियाबाद कोर्ट में पंजीकृत अधिवक्ता हैं। उनका इस पूरे मामले को लेकर अलग नजरिया है। उन्होंने कहा कि कोर्ट में जिरह, बहस होती रहती है, लेकिन मुझे ऐसा लगता है कि ये पूरा प्रकरण किसी षडयंत्र से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि इस मामले में हमें जिला जज के उस बयान पर ध्यान देना चाहिए कि जिसमें उन्होंने कहा कि मैंने लाठीचार्ज के लिये नहीं कहा। अगर जिला जज ने लाठीचार्ज के लिये नहीं कहा तो किससे आदेश पर अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज हुआ। लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर ने कहा कि हम इस मामले में मुख्यमंत्री से बात करेंगे। उन्होंने कहा कि वकील हमेशा न्यायहित में काम करते हैं और ऐसा विवाद कभी नहीं होता। नंदकिशोर गुर्जर ने एक पुलिस अधिकारी पर निशाना साधा और कहा कि मुझे ऐसा लगता है कि ज्यूडिशरी और पुलिस अधिकारी के बीच कुछ मतभेद हैं। बहरहाल लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर ने कहा कि मैं अधिवक्ताओं के साथ हूं और कोर्ट से लेकर कोर्ट परिसर तक लाठीतंत्र के लिये कोई जगह नहीं है।

# 16 या 17 नवंबर को आ सकते हैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रोड शो करने के लिए

## 14 नवंबर को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक करेंगे एक जनसभा को संबोधित



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा अपनी चुनावी रणनीति पर लगातार आगे बढ़ रही है। जिस लाइनपार क्षेत्र को प्रचार की दृष्टि उदासीन माना जा रहा था उसी लाइनपार क्षेत्र को भाजपा ने फोकस में ले लिया है। भाजपा उम्मीदवार संजीव शर्मा ने अपना आशीयाना लाइन पार क्षेत्र में बनाया और अब भाजपा के दिग्गज चेहरे लाइनपार क्षेत्र में दिखाई देंगे। पूर्व मेयर और चुनाव के संयोजक अशु वर्मा ने बताया कि गाजियाबाद विधानसभा चुनाव में लाइनपार क्षेत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 16 नवंबर या 17 नवंबर को आ सकते हैं। माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री का रोड शो विजयनगर से प्रताप विहार क्षेत्र में हो सकता है। इसके अलावा स्टार प्रचारक के रूप में 14 नवंबर को उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक शाम पांच बजे अकबरपुर-बहरामपुर में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। उनका कार्यक्रम मंजूर हो गया है। वहीं 16 नवंबर को विशेष आमंत्रित प्रचारक के रूप में राष्ट्रीय सचिव मनिंदर जीत सिंह सिरसा भी गाजियाबाद पहुंचकर पंजाबी और सिख समाज के साथ एक बैठक में शिरकत करेंगे। वहीं चुनाव संयोजक पूर्व मेयर अशु वर्मा ने उपचुनाव को लेकर अगली रणनीति पर काम करना शुरू कर दिया है। वरिष्ठ कार्यकताओं की टीम साथ आ गई है।

# देवउठानी एकादशी आज, शहर में 700 से अधिक शादियां

## रात तक रहेगा प्रमुख मार्गों पर अलर्ट, जाम करेगा परेशान

### शाम चार बजे से ट्रैफिक पुलिस लगाएगी जाम से बचने के लिए क्रेन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** आज देवउठानी एकादशी है। देव उठानी एकादशी को अबूझ साया रहता है। ऐसे में आज गाजियाबाद सहित दिल्ली-एनसीआर में बड़ी संख्या में शादियां हैं। गाजियाबाद में ही लगभग 700 स्थानों पर कार्यक्रमों की जानकारी मिली है। ऐसे में सुबह से लेकर शाम तक प्रमुख मार्गों और खासतौर से शादी-ब्याह वाले बैंक्विट हॉल के आसपास जाम के आसार रहेंगे। हालांकि यातायात पुलिस द्वारा शाम 4 बजे से जीटी रोड, वसुंधरा, मोहन नगर, वैशाली पुलिया, इंदिरापुरम, सूर्य नगर, लिंक रोड, साहिबाबाद, मसूरी, वेव सिटी मुख्य मार्ग, राज नगर एक्सटेंशन के इलाके में ट्रैफिक पुलिस की क्रेन लगाने का इंतजाम किया गया है। तो वहीं ट्रैफिक पुलिस के स्टाफ को भी मंगलवार को रात 12 तक प्रमुख स्थानों पर तैनात किया जाएगा।

### बैंड-बाजा-बारात बढ़ाएगा शहर में जाम

**करंट क्राइम ।** अबूझ साया होने की वजह से सैकड़ो शादी और समारोह हैं। सड़क पर जब बैंडबाजा बारात निकलेगी तो प्रमुख मार्गों पर जाम की स्थिति बनेगी और वाहनों का दबाव बनेगा। वाहनों के दबाव बढ़ने का असर शहर के प्रमुख मार्ग में देखने को मिलेगा। इसके बाद जाम की स्थिति बनेगी, हालांकि यातायात पुलिस के अधिकारी दावा कर रहे हैं की स्थिति को कंट्रोल में करने का पूरा प्रयास किया जाएगा लेकिन भीड़ के आगे पुलिस का मैनेजमेंट कहां तक सफल रहेगा यह देख जाना शेष है।

### कंट्रोल रूम को किया गया है अलर्ट



**करंट क्राइम ।** एडीसीपी ट्रैफिक पीयूष कुमार सिंह ने जानकारी दी है कि देवउठानी एकादशी के चलते यातायात पुलिस कंट्रोल रूम को अलर्ट किया गया है। साथ ही सभी प्रमुख इलाकों के यातायात निरीक्षकों को अधिक समय फील्ड पर रहने और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया गया है। कंट्रोल रूम के माध्यम से जाम की जहां भी स्थिति की सूचना मिलेगी। सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को अलर्ट किया जाएगा और मार्ग परिवर्तन की जानकारी भी प्रदान की जाएगी।

# भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा ने विजयनगर में पूजा-अर्चना कर चुनाव कार्यालय का किया उद्घाटन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा का चुनाव प्रचार पुरजोरों पर है और भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा ने अन्य दलों के प्रत्याशियों को चुनाव प्रचार की दौड़ में पछाड़ रखा है। ऐसा आभास होने के बावजूद भी भाजपा संगठन कोई कोताही नहीं बरतना चाहता है। चुनाव में अपनी पकड़ बनाने के लिए क्षेत्र के लोगों तथा अपने कार्यकर्ताओं को सुविधा के मध्य नजर रखते हुए भाजपा ने अपने प्रत्याशी संजीव शर्मा का लाइन पार विजय नगर के उत्सव भवन में चुनाव कार्यालय का आज विधिवत शुभारंभ किया। प्रत्याशी संजीव शर्मा ने सपत्नीक हवन पूजन के साथ एवं भाजपा के वरिष्ठ नेतागण एवं कार्यकर्ताओं की प्रमुख उपस्थिति में कार्यालय का शुभारंभ किया।



# संजीव शर्मा के चुनाव में दिखाई दे रहा है गजब का जोश

## देवतुल्यों की सक्रियता ने दे दिये हैं मतदान प्रतिशत बढ़ने के संकेत

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** ये उपचुनाव कुछ अलग होने जा रहा है। उपचुनाव की अवधारणा इस बार बदल सकती है, क्योंकि संजीव शर्मा के चुनाव में धीरे-धीरे उत्साह का पैरामीटर बढ़ रहा है। कार्यकताओं की सक्रितया ने यहां मतदान प्रतिशत बढ़ने के संकेत दे दिये हैं। आमतौर पर पहले उपचुनाव का मामला उदासीन माना जाता था। उपचुनाव को लेकर जहां कार्यकताओं में जोश नहीं होता था वहीं मतदाता भी मतदान के प्रति उदासीन नजर आते थे। लेकिन गाजियाबाद उपचुनाव में तिथि आगे बढ़ने के बाद भी सीन उदासीन वाला नहीं नजर आ रहा है। यहां भाजपा ने संजीव शर्मा को उम्मीदवार बनाया है और संजीव शर्मा मतदान की उम्मीदों को परवान चढ़ाते दिखाई दे रहे हैं। भाजपा की कार्यकर्ता फोर्स मैदान में आ गई है। वैसे तो हर चुनाव में भाजपा अपने कार्यकताओं की फौज से रणनीतिक धावा बोलती है और इस बार कार्यकताओं को सोची समझी रणनीति से उतारा गया है। कार्यकताओं का उत्साह और उनकी सक्रियता इस बात के संकेत दे रही है कि मतदान प्रतिशत बढ़ेगा। हालांकि जीत और हार मतदाता के हाथ में होती है, लेकिन चुनाव के जानकार ये मानकर चल रहे हैं कि वोट प्रतिशत बढ़ने का लाभ यहां भाजपा को मिलेगा, क्योंकि हाईराइज सोसायटी में टीमें एक्टिव हैं।









### डाल दिया सीएम-डिप्टी सीएम और मंत्रियों ने डेरा

**करंट क्राइम।** शहर वाले उपचुनाव में चहल-पहल ही भाजपा में दिखाई दे रही है। कांग्रेस का बड़ा नेता अभी तक नहीं आया है। सपा के मुखिया अखिलेश यादव आए भी तो केवल कार्यकर्ता सम्मेलन में। बसपा की सुप्रीमो आएंगी भी या नहीं आएंगी इस पर डाउट है, लेकिन अगर भाजपा की तरफ निगाह करें तो यहां सीएम-डिप्टी सीएम और केंद्रीय मंत्रियों से लेकर प्रदेश सरकार के मंत्रियों ने डेरा डाल दिया है। यहां प्रचार में ठहराव नहीं दिखाई दे रहा है। सीएम योगी आदित्यनाथ बूथ कार्यकताओं से संवाद कायम कर चुके हैं। पन्ना प्रमुखों की बैठक ले चुके हैं और वो रोड शो में भी आ सकते हैं। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक गाजियाबाद में डेरा डालकर प्रचार कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद चुनाव प्रचार के लिए आ चुके हैं। भाजपा नेता नीरज सिंह ने जनसभाओं को संबोधित किया। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, कैबिनेट मंत्री कपिल देव अग्रवाल और ब्रजेश कुमार यहां चुनाव की कमान संभाल रहे हैं। इसके अलावा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप और अन्य मंत्रियों ने संजीव शर्मा के चुनाव में डेरा डाल दिया है। कार्यकर्ता उत्साहित हैं। उसके सारे नेता मैदान में आ गए हैं।









### कार्यकर्ताओं के अध्यक्ष का है चुनाव और वो खुद खेल रहे हैं पारी

**करंट क्राइम।** अगर यहां संजीव शर्मा की बात की जाए तो वो संगठन और उम्मीदवार दोनों खुद हैं। महानगर अध्यक्ष हैं और चुनाव लड़वाने का अनुभव है। उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। सबसे बड़ी बात ये है कि संजीव शर्मा खुद इस पारी को शानदार तरीके से खेल रहे हैं। वो एक दिन में 30 से 35 सभाएं कर रहे हैं। गली मोहल्लों में जा रहे हैं। बताते हैं कि जिस दिन नीरज सिंह और केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने तीन-तीन जनसभाओं को संबोधित किया उस दिन संजीव शर्मा ने 32 सभाओं को संबोधित किया। उन्हें कार्यकताओं का अध्यक्ष कहा जाता है और वो उसी अध्यक्ष वाले अंदाज में चुनाव लड़ रहे हैं। वो खुद को कार्यकर्ता कहकर प्रमोट करते हैं और पूरे चुनाव पर संगठन वाली नजर रखे हुए हैं। कार्यकताओं के अध्यक्ष के रूप में फेमस संजीव शर्मा सुबह आठ बजे प्रचार के लिये निकलते हैं और रात के ग्यारह भी बज जाते हैं। वो पूरी ऊर्जा के साथ मैदान में हैं। रणनीति काम आ रही है। पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने इसीलिए कहा कि संजीव ने चुनाव आते ही लाइन पार क्षेत्र में मकान लेकर एक बड़ा मैसेज दिया और वो खुद एक अध्यक्ष के रूप में उम्मीदवार वाली पारी खेल रहे हैं।

## संपादकीय

# बुजुर्गों की बढ़ती संख्या

भारत की आबादी में कामकाजी आयु ( 15 से 59 साल तक ) के लोगों की तादाद बहुत ज्यादा है. हम जनसांख्यिकीय लाभांश की स्थिति में हैं यानी कमाने वालों की संख्या आश्रितों- बच्चों एवं वरिष्ठ नागरिकों- से अधिक है. देश की 65 प्रतिशत जनसंख्या की आयु 35 साल से कम है. लेकिन यह स्थिति कुछ दशकों में ही बदल जायेगी. सीबीआरइ साउथ एशिया प्राइवेट लिमिटेड की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक स्तर पर बुजुर्गों की संख्या बढ़ रही है, पर भारत में इसकी दर अधिक है. वर्ष 2050 तक दुनिया में बुजुर्गों की कुल जनसंख्या का 17 प्रतिशत तक हिस्सा भारत में होगा. आकलनों के मुताबिक, अभी भारत में 15 करोड़ वरिष्ठ नागरिक ( 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के ) हैं. यह संख्या अगले 10-12 वर्षों में 23 करोड़ होने का अनुमान है।

पिछले वर्ष सितंबर में इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट फॉर पॉपुलेशन साइंसेज के सहयोग से तैयार रिपोर्ट में संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष ने रेखांकित किया था कि 2050 तक देश के 20 फीसदी से अधिक आबादी की उम्र 60 साल से ज्यादा होगी तथा इस सदी के अंत तक उनकी संख्या बच्चों ( 14 साल या उससे कम आयु ) से अधिक हो जायेगी. वर्ष 2050 में बुजुर्गों की संख्या लगभग 35 करोड़ होने का अनुमान लगाया गया है. पिछले कई वर्षों से देश में एक ओर जन्म दर में कमी आ रही है, तो दूसरी ओर बेहतर खान-पान एवं चिकित्सा सुविधाओं के कारण जीवन प्रत्याशा में बढ़ोतरी हो रही है. साथ ही, वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल के लिए विशेष संसाधन और व्यवस्था की आवश्यकता बढ़ रही है. सीबीआरइ के अनुसार, बुजुर्गों के लिए बनाये गये आवासों में अभी लगभग 10 लाख लोग रह रहे हैं।

यह संख्या अगले एक दशक में 25 लाख होने का अनुमान है. बुजुर्गों की देखभाल का एक बड़ा बाजार भारत में स्थापित हो सकता है. यह बाजार अभी प्रारंभिक स्थिति में है. इसके विस्तार से न केवल वरिष्ठ नागरिकों के लिए बेहतर जीवन मिल सकेगा, बल्कि रोजगार और आमदनी के नये अवसर भी पैदा किये जा सकते हैं. इस संबंध में आवश्यक कौशल और प्रशिक्षण उपलब्ध कराने पर अभी से ध्यान दिया जाना चाहिए. बुजुर्गों के निवास की अधिकांश व्यवस्था दक्षिण भारतीय राज्यों में है और वहीं इसके बढ़ोतरी की दर भी अधिक है. वहां के अनुभवों से देश के अन्य हिस्सों में ऐसी सुविधाएं स्थापित की जा सकती हैं. दुर्भाग्य की बात है कि 40 प्रतिशत से अधिक बुजुर्ग अत्यंत निर्धन वर्ग से आते हैं. लगभग 19 फीसदी वरिष्ठ नागरिकों के पास आमदनी का कोई जरिया नहीं है. सरकारी कल्याण योजनाओं के विस्तार के साथ-साथ कॉरपोरेट जगत को भी बुजुर्गों पर अधिक ध्यान देना चाहिए।

# भारत और रूस की साझेदारी दुनिया के लिए बेहतर साबित होगी : एस जयशंकर




**नई दिल्ली।** रूस ने 2022 से एशिया पर अधिक ध्यान केंद्रित किया है। इससे सहयोग के कई और अवसर पैदा हुए हैं। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने सोमवार को मुंबई में आयोजित भारत-रूस व्यापार मंच को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, दोनों देशों के बीच मजबूत सहयोग और गहरी दोस्ती का एक लंबा इतिहास रहा है। हमारी दोस्ती का इतिहास हमें दोनों कारकों का सर्वोत्तम लाभ उठाने की अनुमति देता है। दोनों अर्थव्यवस्थाएं एक-दूसरे की पूरक हैं, यह भी एक महत्वपूर्ण विचार है। 8% विकास दर वाले बाजार भारत और तकनीकी क्षेत्र के दिग्गज रूस के बीच साझेदारी दोनों देशों के लिए और दुनिया के लिए अच्छी साबित होगी।

विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा, मैं 10 महत्वपूर्ण घटनाक्रमों पर प्रकाश डालना चाहता हूं, जिन पर हमें ध्यान देने की आवश्यकता है। पहला, आज हमारा द्विपक्षीय व्यापार 66 बिलियन डॉलर है। इससे 2030 तक 100 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का लक्ष्य यथार्थवा से कहीं अधिक हो जाता है। दूसरा, व्यापार संतुलन को तत्काल सुधारने की आवश्यकता है क्योंकि यह बहुत एकतरफा है... तीसरा, भारत-यूरेशियन आर्थिक संघ व्यापार-वस्तु वार्ता इस वर्ष मार्च में शुरू हुई। हमें इसे जोरदार तरीके से आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। चौथा, अप्रैल 2024 में मास्को में पहला द्विपक्षीय निवेश मंच आयोजित किया गया... पांचवां, 2024 से 29 तक रूसी सुदूर पूर्व के संबंध में सहयोग के कार्यक्रम पर वार्षिक शिखर सम्मेलन के दौरान जुलाई में हस्ताक्षर किए गए। यह कनेक्टिविटी क्षेत्र सहित अन्य संबंधित गतिविधियों को प्रोत्साहित करता है। छठा, राष्ट्रीय मुद्राओं में व्यापार का आपसी समझौता बहुत महत्वपूर्ण है, खासकर वर्तमान परिस्थितियों में...।

सातवां, मई 2024 में अधिकृत आर्थिक ऑपरेटरों पर हमारे दोनों देशों के सीमा शुल्क अधिकारियों के बीच द्विपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर करने से व्यापार को सुचारू बनाने पर बड़ा प्रभाव पड़ा है। व्यापार करने में आसानी। आठ, हमारे बीच तीन कनेक्टिविटी पहल, अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा, चेन्नई-व्लादिवोस्तोक गलियारा और उत्तरी समुद्री मार्ग, सभी पर निरंतर ध्यान देने की आवश्यकता है यदि हमें उनकी पूरी क्षमता का एहसास करना है। नौ, व्यापार को गहरा करने के कार्यक्रम के रूप में मेक इन इंडिया के प्रति रूस की बढ़ती प्रशंसा निश्चित रूप से कई क्षेत्रों में हमारे सहयोग को आगे बढ़ाने में मदद करेगी। और अंत में, मैं आपका ध्यान शिक्षा या फिल्म जैसे गैर-आर्थिक क्षेत्रों के महत्व की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ, जो हमारे बीच एक बड़े सामाजिक और आर्थिक जुड़ाव में योगदान करते हैं।

# डीमैट खातों की संख्या अक्टूबर में बढ़कर 17.9 करोड़ रही : रिपोर्ट




**मुंबई।** भारत में शेयर बाजार का चलन बढ़ने के कारण डीमैट खातों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। सोमवार को जारी हुई एक रिपोर्ट के मुताबिक, अक्टूबर में डीमैट खातों की संख्या बढ़कर 17.9 करोड़ हो गई है, जो कि सितंबर में 17.5 करोड़ थी। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंसियल सर्विसेज की रिपोर्ट में कहा गया कि अक्टूबर में 35 लाख नए डीमैट खाते खुले हैं। चालू वित्त वर्ष की शुरूआत से अब तक हर महीने औसत 39 लाख डीमैट खाते खुले हैं। बीते चार महीने में यह पहला मौका है, जब किसी नए डीमैट खातों की संख्या 40 लाख से कम रही है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ( एनएसई ) पर सक्रिय ग्राहकों की संख्या मासिक आधार पर 2.4 प्रतिशत बढ़कर 4.89 करोड़ हो गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, सीडीएसएल का मार्केट शेयर कुल डीमैट के खातों के साथ नए डीमैट खातों में भी अक्टूबर में बढ़ा है।

इस दौरान सालाना आधार पर एनएसडीएल का मार्केट शेयर कुल डीमैट अकाउंट और नए डीमैट खातों में 0.40 प्रतिशत और 0.21 प्रतिशत कम हुआ है। शीर्ष पांच डिस्काउंट ब्रोकरों की कुल एनएसई सक्रिय ग्राहकों में हिस्सेदारी 64.5 प्रतिशत है, जो अक्टूबर 2023 में 61.4 प्रतिशत थी। अक्टूबर में ऑनलाइन ब्रोकरेज फर्म जोरोधा के ग्राहकों की संख्या मासिक आधार पर 1.2 प्रतिशत की बढ़कर 81 लाख हो गई है, जबकि बाजार हिस्सेदारी 0.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 16.5 प्रतिशत रही। ग्रो पर ग्राहकों की संख्या मासिक आधार पर 2.8 प्रतिशत बढ़कर 1.26 करोड़ हो गई है। वहीं, इस दौरान बाजार हिस्सेदारी 0.20 प्रतिशत बढ़कर 25.8 प्रतिशत हो गई है। एंजेल वन के ग्राहकों की संख्या मासिक आधार पर 2.4 प्रतिशत बढ़कर 75 लाख हो गई है। मार्केट शेयर 15.4 प्रतिशत रहा है। अपस्टॉक्स के ग्राहकों की संख्या मासिक आधार पर 1.4 प्रतिशत बढ़कर 29 लाख हो गई है। मार्केट शेयर 0.05 प्रतिशत गिरकर 5.8 प्रतिशत हो गया है। पारंपरिक ब्रोकर्स जैसे आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज के ग्राहकों की संख्या में मासिक आधार पर 0.70 प्रतिशत बढ़कर 19 लाख हो गई है। इसका मार्केट शेयर 4 प्रतिशत था। कोटक सिक्योरिटीज के ग्राहकों की संख्या में मासिक आधार पर 2.8 प्रतिशत का इजाफा हुआ है।

# गोल्ड की कीमतों में गिरावट जारी, 77,000 रुपये हुआ भाव



**नई दिल्ली ।** फेस्टिव सीजन के बाद गोल्ड की कीमतों में लगातार गिरावट जारी है। सोमवार को 24 कैरेट गोल्ड का भाव गिरकर 77,000 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया है। इंडियन बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन ( आईबीजेए ) के मुताबिक, 24 कैरेट गोल्ड का भाव 77,030 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया है। 22 कैरेट गोल्ड का रेट 75,180 रुपये प्रति 10 ग्राम और 20 कैरेट गोल्ड की कीमत 68,550 रुपये प्रति 10 ग्राम है। 18 कैरेट गोल्ड की कीमत 62,390 रुपये प्रति 10 ग्राम और 14 कैरेट गोल्ड की कीमत 49,680 रुपये प्रति 10 ग्राम है। गोल्ड की कीमतों में अक्टूबर की तेजी के बाद लगातार गिरावट जारी है। गोल्ड का भाव 6 नवंबर को इस महीने के निचले स्तर 76,980 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया था। कीमतों में गिरावट की वजह फेस्टिव सीजन के बाद लगातार मांग में गिरावट को माना जा रहा है। फेस्टिव सीजन के दौरान 23 अक्टूबर को 24 कैरेट गोल्ड का दाम 81,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के उच्च स्तर पर पहुंच गया है। स्पॉट के साथ वायदा में भी गोल्ड की कीमत में कमी देखने को मिली है। एमसीएक्स पर गोल्ड के दिसंबर कॉन्ट्रैक्ट का भाव 76,795 रुपये प्रतिशत 10 ग्राम पर है। घरेलू के साथ-साथ वैश्विक बाजारों में गोल्ड की कीमतों में गिरावट बनी हुई है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के मुताबिक, वैश्विक स्तर पर गोल्ड की कीमत में 2,669 डॉलर प्रति औंस पर है। इससे पहले शुक्रवार को गोल्ड का रेट 2,647 डॉलर प्रति औंस था।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड की कीमतों में गिरावट की वजह अमेरिका में चुनावी नतीजे के कारण अनिश्चित्ता कम होना और डॉलर की मजबूती को माना जा रहा है। चांदी की कीमत 91,310 रुपये प्रति किलो पर है। एमसीएक्स पर चांदी के दिसंबर फ्यूचर्स की कीमत 90,888 रुपये प्रति किलो है। वैश्विक स्तर पर चांदी का भाव 31.40 डॉलर प्रति औंस पर है।

## राशिफल

**मेष :** रचनात्मक शौक आज आपको सहज महसूस कराएंगे। जो लोग आपके पास कर्ज के लिए आते हैं, उन्हें नजरअंदाज करना बेहतर है।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहेगा। आपका मन बहुत प्रसन्न रहेगा। हर कोई आपकी बातों को ध्यान से सुनेगा। व्यापार में बड़ी सफलता मिलेगी।

**मिथुन :** मित्र से मतभेद बढ़ सकते हैं और व्यवसाय में मुश्किलें आ सकती हैं। साझेदारी के लिए समय अच्छा है, नौकरीपेशा लोगों के प्रमोशन के योग बन रहे हैं।

**कर्क :** आज अपने उच्च स्तर की ऊर्जा को अच्छे कार्यों में लगाएं। कुछ भी खरीदने से पहले उन चीजों का इस्तेमाल करें जो आपके पास पहले से हैं।

**सिंह :** दिन आपके लिए मिलाजुला रहेगा। आज आपकी सेहत ठीक रहेगी, लेकिन नियमित व्यायाम करते रहें। पैसों के लेन-देन में सावधानी बरतने की जरूरत है।

**कन्या :** प्रेम के मामले में भी सफल साबित हो सकते हैं, परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। जीवनसाथी के साथ मधुर संबंध रहेंगे। रुके हुए काम जल्द पूरे होंगे।

**तुला :** स्वास्थ्य से जुड़ा मामला हो तो नजरअंदाज न करें और सावधान रहना चाहिए। खर्चों पर नियंत्रण रखने की कोशिश करें और जरूरी चीजें ही खरीदें।

**वृश्चिक :** आज दिन सकारात्मक रहेगा। आपकी सेहत पहले की तुलना में ठीक रहेगी। आज किसी से तेज आवाज में बात न करें, रिश्तों में खटास आ सकती है।

**धनु :** आपके शत्रु आपको हानि पहुँचाने का प्रयास करेंगे लेकिन सफल नहीं होंगे। जीवन में सभी तरह की परेशानियां खत्म होंगी। आपके रुके हुए काम पूरे होंगे।

**मकर :** खाली समय का भरपूर आनंद उठा पाएंगे। बुद्धिमानी से किया गया निवेश ही फलदायी होगा इसलिए मेहनत की कमाई को सोच-समझकर ही निवेश करें।

**कुंभ :** आज कोर्ट से जुड़े लोगों का दिन अच्छा रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखना होगा अन्यथा किसी व्यक्ति से विवाद हो सकता है। नया काम आपको लाभ दिलाएगा।

**मीन :** आज माता से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। आज आपके रहने की स्थिति कठिन होगी। बेहतर होगा कि शांतिपूर्ण प्रतिरोध की रणनीति बनाकर कदम आगे बढ़ाएं।

## चुटकुले

पिता- पढ़ ले नालायक, कभी तूने अपनी कोई बुक खोलकर भी देखी है।
बेटा- हां पापा देखी है, बल्कि रोज देखता हूं उसे।
पिता- कौन सी बुक पढ़ने लगा है तू?
बेटा- फेसबुक।

---

ट्रेन में लिखा था, 'बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्री होशियार।
उसी ट्रेन में चिंटू भी जा रहा था.
उसने ये लाइन पढ़ी और बोला- वाह, जो टिकट न खरीदें वो होशियार
हमने जो खरीद के रखी है तो हम बेवकूफ हैं क्या?

---

खाने में बाल मिलने पर पति अपनी खूबसूरत पत्नी से रोमांटिक अंदाज में बोला...
पति- सजनी, जानेमन जुल्फों को संभाल लिया करो,
पत्नी- शमार्ते हुए, आप भी न...
पति- ज्यादा इतराने की जरूरत नहीं है। अगली बार खाने में बाल मिला, तो मां कसम, सौतन ले आऊंगा।

## रोचक तथ्यों का करंट

- दुनिया का सबसे पुराना उद्देश्य-निर्मित संग्रहालय ( आधिकारिक तौर पर साल 1683 में खोला गया ) ऑक्सफोर्ड का एशमोलेन संग्रहालय है।
- क्या आप जानते हैं? गृह युद्ध ( 1642 – 1646 ) के दौरान ऑक्सफोर्ड इंग्लैंड की राजधानी थी।
- एलिस इन वंडरलैंड से एलिस वास्तव में एलिस लिडेल नामक एक असली लड़की थी। असली एलिस, लुईस के एक कॉलेज मित्र – क्राइस्ट चर्च में डीन की पुत्री थी।
- होलीवेल म्यूजिक रूम ( 1748 ) यूरोप में सबसे पुराना संगीत प्रदर्शन कक्ष है।
- ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के छात्रों के कुछ वास्तव में 'विचित्र रस्मों–रिवाज' हैं। जैसे की, अपनी परीक्षा पूरी करने वाले छात्रों पर अंडे और पास्ता सॉस फेंकना।
- ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के छात्रों ने 158 ओलंपिक स्वर्ण पदक जीते हैं!
- क्या आप जानते हैं? ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय ने 27 ब्रिटिश प्रधानमंत्री शिक्षित किए हैं।




दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन ( खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन ) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 ( हरीश कुमार ) 8630290003 ( विष्णु गुप्ता )

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 ( गौतमबुद्धनगर ) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# महिला चैम्पियंस ट्रॉफी का आगाज, पहला मैच जापान-कोरिया के बीच

**पटना।** बिहार के राजगीर में पहली बार एशयाई महिला हॉकी चैम्पियंस ट्रॉपी का आगाज हो रहा है। इस ऐतिहासिक प्रतियोगिता का शुभारंभ राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार करेंगे। खेल विभाग और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में जापान, कोरिया, चीन, थाईलैंड, भारत और मलेशिया की टीमें अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। महिला हॉकी चैम्पियंस ट्रॉपी का पहला मुकाबला दोपहर 12:15 बजे जापान और कोरिया के बीच खेला गया। दोनों टीमों ने बराबर अंक हासिल किए। यह मुकाबला दो-दो की बराबरी पर खत्म हुआ। इसके बाद चीन और थाईलैंड की टीमें आमने-सामने होंगी। दिन का सबसे रोमांचक मुकाबला शाम 4:45 बजे होगा।




### 168 देशों में होगा सीधा प्रसारण

11 नवंबर से 20 नवंबर तक चलने वाले इस टूनार्मेंट के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं, जिसमें सुरक्षा और सुविधा का खास ध्यान रखा गया है। दुनिया के 168 देशों में इस टूनार्मेंट का सीधा प्रसारण किया जाएगा, जबकि 30 राष्ट्रीय स्तर के चैनल इसका कवरेज करेंगे। राजगीर के खेल परिसर में टूनार्मेंट के दौरान अत्याधुनिक सुविधाएं और सख्त सुरक्षा व्यवस्था की गई है। टूनार्मेंट के लिए टिकटों की ऑनलाइन बुकिंग प्रक्रिया जैसे ही शुरू हुई, वैसे ही सभी दिन के टिकट बुक हो गए।

### 15 विशेष फूड स्टॉल्स लगे

खेल विभाग के अनुसार, राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार किया गया है। दर्शकों की सुविधा के लिए ईस्ट स्टैंड के गेट नंबर तीन को विशेष रूप से सजाया गया है। स्थानीय प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। एशियन महिला हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी के आयोजन ने खेल और स्वाद का अनूठा संगम प्रस्तुत किया है। खेल अकादमी परिसर में जहां एक ओर रोमांचक हॉकी मैचों की गूंज सुनाई दे रही है, वहीं दूसरी ओर 15 विशेष फूड स्टॉल्स दर्शकों के लिए स्वादिष्ट व्यंजनों का विशेष इंतजाम कर रहे हैं। प्रमुख आकर्षण के रूप में दनियावां का प्रसिद्ध मछली-चावल स्टॉल विशेष रूप से दर्शकों को लुभा रहा है।



### 150 में भरपेट मछली चावल

स्टॉल के संचालक विनय कुमार ने बताया कि 120 रुपये में दो पीस मछली और एक प्लेट चावल की व्यवस्था की गई है, जबकि 150 रुपये में एक बड़ा मछली पीस भरपेट चावल के साथ परोसा जा रहा है। खाद्य विविधता को बढ़ावा देते हुए अभिषेक कुमार के स्टॉल पर राजमा, चाऊमीन, रोल और छोले भटूरे जैसे विभिन्न व्यंजन उपलब्ध हैं। साथ ही, दर्शकों की सुविधा के लिए चाय, कॉफी और सुधा डेयरी के लस्सी-पेड़े की विशेष व्यवस्था की गई है। जिला प्रशासन ने टूनार्मेंट के दौरान दर्शकों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा है। पीएचडी विभाग द्वारा सुलभ शौचालय और गंगाजल पेयजल की व्यवस्था की गई है। खेल परिसर में लगाई गई हॉकी थीम पर आधारित सेल्फी प्रदर्शनी विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

### राजगीर में ऐतिहासिक आयोजन

कोच हरेंद्र सिंह ने कहा कि यह बिहार के लिए एक ऐतिहासिक पल है और उन्होंने राज्य सरकार की विश्वस्तरीय तैयारियों की तारीफ की। उन्होंने बताया कि राजगीर का खेल परिसर अब दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खेल केंद्रों में शुमार हो गया है। टूनार्मेंट के अंतिम मैच को फ्लडलाइट्स के तहत आयोजित करने की भी योजना है, जिससे दर्शकों को रोमांचक अनुभव मिलेगा। एशियाई महिला हॉकी चैंपियनशिप में भारतीय टीम का पहला मुकाबला मलेशिया से होगा। कोच हरेंद्र सिंह ने टीम की तैयारी पर पूरा भरोसा जताया। उन्होंने बताया कि हर खिलाड़ी ने इस टूनार्मेंट के लिए कड़ी मेहनत की है। कप्तान सलिमा टेटे ने कहा कि टीम की हर तैयारी को बारीकी से परखा गया है और टीम पूरी तरह से अपना शत-प्रतिशत देने के लिए प्रतिबद्ध है।

# निशानेबाज ऐश्वर्य, सामरा ने किया निराश, रमेश भाई ने जीता रजत पदक



**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष राइफल निशानेबाज ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और सिफ्त कौर सामरा प्रभाव छोड़ने में विफल रहे, जबकि कम लोकप्रिय एस. रमेशभाई मोराडिया ने सोमवार को यहां विश्व विश्वविद्यालय निशानेबाजी चैंपियनशिप में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल में रजत पदक जीता।

रमेशभाई सोमवार को पदक जीतने वाले इकलौते भारतीय रहे। ओलंपियन तोमर इस स्पर्धा में पांचवें स्थान पर रहे, जबकि पेरिस खेलों में भाग लेने वाली सामरा महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री-पोजिशन स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहीं। गुजरात के रमेशभाई बेहद मामूली अंतर से स्वर्ण पदक जीतने से चूक गये।

वह फाइनल में 252.1 अंक हासिल कर चेक गणराज्य के जिरी प्रिवरात्स्की से केवल 0.1 अंक पीछे रहे। यह प्रिवरात्स्की का इस प्रतियोगिता में दूसरा स्वर्ण पदक है। उन्होंने रविवार को पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री-पोजीशन में स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। ऐश्वर्य 187.7 अंक के साथ पांचवें स्थान पर रहे, जबकि एक अन्य भारतीय उमामहेश मद्दिनेनी (208.8) चौथे स्थान पर रहे।

इससे पहले क्वालिफिकेशन दौर में रमेशभाई ने 630.0 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर थे। उमामहेश और ऐश्वर्य ने 629.8 और 628.3 का स्कोर करके क्रमशः तीसरे और पांचवें स्थान के साथ आठ निशानेबाजों के फाइनल में प्रवेश किया था।

> **रमेशभाई सोमवार को पदक जीतने वाले इकलौते भारतीय रहे। ओलंपियन तोमर इस स्पर्धा में पांचवें स्थान पर रहे, जबकि पेरिस खेलों में भाग लेने वाली सामरा महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री-पोजिशन स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहीं। गुजरात के रमेशभाई बेहद मामूली अंतर से स्वर्ण पदक जीतने से चूक गये।**

सामरा का पदक से चूकना भारत के लिए बड़ी निराशा रही। वह 50 मीटर राइफल में देश की सर्वश्रेष्ठ निशानेबाजों में शामिल है।

वह 439.6 अंक के साथ चौथे स्थान पर रही। फ्रांस की अगाथे गिरार्ड (462.3) ने इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता, जबकि पोलैंड की जूलिया पियोट्रोस्का (462.0) और अन्ना जानसेन (450.2) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता। सामरा इससे पहले क्वालीफिकेशन में 587 के स्कोर के साथ सातवें स्थान पर थी। भारत ने इस प्रतियोगिता में अब तक एक स्वर्ण सहित नौ पदक जीते है।

मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीजक्क की मेजबानी में आयोजित हो रही इस चैंपियनशिप में 23 देशों के 220 निशानेबाज हिस्सा ले रहे हैं।

# 11 टी20 जीतने के बाद हारा भारत

## बेकार रह गया चक्रवर्ती का पंजा



**केबेरा।** साउथ अफ्रीका ने दूसरे टी-20 इंटरनेशनल में भारत को 3 विकेट से हरा दिया। टीम इंडिया ने टॉस गंवाकर पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 124 रन बनाए। साउथ अफ्रीका ने 125 रन का टारगेट 19 ओवर में 7 विकेट खोकर हासिल कर लिया। ट्रिस्टन स्टब्स ने नाबाद 47 रन की पारी खेली। वे इस लो-स्कोरिंग मुकाबले के टॉप रन स्कोरर रहे।

एक समय अफ्रीकी टीम 86 रन के स्कोर पर 7 विकेट गंवाकर स्ट्रगल कर रही थी। पिच से स्पिनर्स को मदद मिल रही थी और वरुण चक्रवर्ती ने 5 विकेट ले चुके थे। इसके बावजूद कप्तान सूर्यकुमार यादव ने डेथ ओवर्स तेज गेंदबाजों से बॉलिंग कराने का फैसला लिया। यह फैसला टीम पर भारी पड़ गया और स्टब्स और जेरार्ड कूत्जी (9 बॉल पर 19 रन) ने 8वें विकेट के लिए 20 बॉल पर 42 रन की नाबाद साझेदारी कर डाली। यहां भारतीय स्पिनर अक्षर पटेल के तीन ओवर बाकी रह गए।

### स्टब्स की पारी ने भारत से छीना मैच

125 रन का टारगेट चेज कर रही साउथ अफ्रीका ने संभलकर शुरूआत की। टीम ने 5 ओवर के बाद 32 रन के स्कोर पर एक ही विकेट गंवाया था। यहां से वरुण चक्रवर्ती ने 5 विकेट लिए और साउथ अफ्रीका को बैकफुट पर भेज दिया। यहां मेजबान टीम का स्कोर 66/6 हो गया। लेकिन, नंबर-4 पर बैटिंग करने उतरे ट्रिस्टन स्टब्स एक एंड पर खड़े हो गए, वे आखिर तक टिके रहे और 47 रन बनाकर टीम को जीत दिला दी। इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला।

### टॉप ऑर्डर का फेल होना

टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी टीम इंडिया का टॉप ऑर्डर बुरी तरह फ्लॉप रहा। संजू सैमसन खाता भी नहीं खोल सके, वहीं अभिषेक शर्मा और कप्तान सूर्यकुमार यादव 4-4 रन बनाकर आउट हो गए। टीम ने शुरूआती 3 विकेट 15 रन के स्कोर पर ही गंवा दिए थे।

### 6 विकेट गिरने के बाद ही टेल शुरू

शुरूआती विकेट जल्दी गिरने के बाद तिलक वर्मा, अक्षर पटेल और हार्दिक पंड्या ने पारी को संभाला। 87 रन पर भारत ने 6 विकेट गंवा दिए, यहां अर्शदीप सिंह बैटिंग करने उतरे, जिन पर हार्दिक भरोसा नहीं कर सके। उन्होंने कई सिंगल छोड़े, जिस कारण आखिरी 4 ओवर में टीम 31 रन ही बन सके। यहां हार्दिक आखिर में अकेले पड़ गए।

छोटे टारगेट के बावजूद भारत ने मैच में वापसी कर ली थी। टीम ने 16 ओवर में 88 रन पर साउथ अफ्रीका के 7 विकेट गिरा दिए थे। यहां स्पिनर अक्षर पटेल के 3 ओवर बाकी थे, जिन्होंने पहले ओवर में स्टब्स के खिलाफ 2 ही रन दिए थे। अक्षर की जगह सूर्या ने पेसर्स से गेंदबाजी करवाई गई। गेमचेंजर ऑफ द मैच 16वें ओवर में साउथ अफ्रीका ने 7वां विकेट गंवाया, यहां जेराल्ड कूट्जी बैटिंग करने आए। उन्होंने अर्शदीप सिंह और आवेश खान के खिलाफ 2 चौके और एक छक्का लगा दिया। उनकी बैटिंग ने नॉन-स्ट्राइकर एंड पर खड़े स्टब्स का काम आसान कर दिया। कूट्जी ने 9 गेंद पर 19 रन बनाए। उन्होंने पहली पारी में हार्दिक के खिलाफ आखिरी 2 ओवरों में महज 11 रन खर्च किए थे। जिस कारण भारत बड़ा स्कोर भी नहीं बना सका। फाइटर ऑफ द मैच वरुण चक्रवर्ती टीम इंडिया ने पहली पारी में 124 रन बनाने के बाद ही लगभग मैच गंवा दिया था। टीम दूसरी पारी के शुरूआती 5 ओवरों में भी कमजोर नजर आई, फिर वरुण चक्रवर्ती गेंदबाजी करने आए। जिन्होंने हर ओवर में विकेट लिया और स्पेल में 5 विकेट लेकर होम टीम को बैकफुट पर धकेल दिया। वरुण ने 13वें ओवर में अपना स्पेल खत्म किया, जिसके बाद साउथ अफ्रीका का स्कोर 67/6 था। हालांकि, उनका यह प्रदर्शन भी टीम को जीत नहीं दिला सका।

### मैच रिपोर्ट

भारत की खराब शुरूआत टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी टीम इंडिया ने पावरप्ले में 3 विकेट गंवा दिए। 6 ओवर के बाद टीम 34 रन ही बना सकी। संजू सैमसन खाता भी नहीं खोल सके। अभिषेक शर्मा और सूर्यकुमार यादव 4-4 रन बनाकर आउट हुए।

टीम 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 124 रन ही बना सकी। टीम से हार्दिक पंड्या ने 39, अक्षर पटेल ने 27 और तिलक वर्मा ने 20 रन बनाए। बाकी बैटर्स 10 रन का आंकड़ा भी नहीं छू सके। साउथ अफ्रीका से मार्को यानसन, जेराल्ड कूट्जी, एंडिले सिमेलाने, ऐडन मार्करम और एन पीटर को 1-1 विकेट मिला। एक बैटर रनआउट भी हुआ।

# अब हम भी भारत के साथ कोई मैच नहीं खेलेंगे... चैंपियंस ट्रॉफी 2025 को लेकर बीसीसीआई पर भड़के जावेद मियांदाद

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर जावेद मियांदाद ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए टीम इंडिया को पाकिस्तान नहीं भेजने के भारत सरकार के फैसले पर मायूसी जताई है। आईसीसी ने आधिकारिक ईमेल के जरिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को सूचित किया है कि भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान नहीं आएगी और बोर्ड ने ये जानकारी पाकिस्तान सरकार को भेज दी है।



चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर भारत का ये रुख पाकिस्तान के कई पूर्व दिग्गजों को पसंद नहीं आया है। पूर्व कप्तान जावेद मियांदाद ने भारत सरकार के रुख को मजाक करार दिया और कहा कि पाकिस्तान भारतीय क्रिकेट के बिना ने केवल जिंदा रह सकता, बल्कि फल-फूल भी सकता है। मियांदाद ने कहा कि, ये मजाक है कि ऐसा हो रहा है। भले ही हम भारत के साथ बिल्कुल भी न खेलें, लेकिन पाकिस्तान क्रिकेट ने केवल जीवित रहेगा, बल्कि समृद्ध भी होगा, जैसा कि हमने अतीत में दिखाया है। मैं देखना चाहता हूं कि जब पाकिस्तान और भारत के मैच नहीं होते हैं, तो फिर आईसीसी कैसे पैसा कमाता है।

जब से पाकिस्तान ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी के अधिकार जीते हैं, तब से भारत की पाकिस्तान यात्रा करने की इच्छा को लेकर चिंता जताई जा रही थी। उन्होंने पहले एशिया कप 2023 की मेजबानी की थी, लेकिन भारत की पाकिस्तान यात्रा करने की अनिच्छा के बाद टीम इंडिया के मैच श्रीलंका में कराए गए थे। हालांकि, इसके बावजूद पाकिस्तान ने आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 के लिए भारत का दौरा किया। भारत ने आखिरी बार 2008 में एशिया कप के लिए पाकिस्तान का दौरा किया था और मुंबई में हुए भीषण 26/11 आतंकवादी हमले के बाद दोनों देशों के रिश्तों में खटास आ गई थी।

# बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी पर गंभीर बोले- मैं दबाव में नहीं: पोंटिंग ऑस्ट्रेलिया देखें, इंडियन क्रिकेट से उन्हें क्या लेना-देना; रोहित-कोहली वापसी करेंगे

**मुंबई।** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले टीम इंडिया के कोच ने किसी तरह के दबाव से इनकार किया है। रिकी पोंटिंग के बयान पर उन्होंने कहा कि वे अपने क्रिकेट पर ध्यान दें। गंभीर ने टीम के ऑस्ट्रेलिया रवाना होने से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस की। गंभीर ऐसे समय में मीडिया के सामने थे, जब टीम इंडिया घर में ही न्यूजीलैंड से 3-0 से टेस्ट सीरीज हार चुकी है। गंभीर ने कहा, मैं किसी दबाव में नहीं हूं। टीम के सीनियर्स बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) में वापसी करेंगे। अगर रोहित पर्थ टेस्ट में अवेलेबल नहीं रहते तो बुमराह कप्तानी कर सकते हैं। टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया में 5 टेस्ट मैच की सीरीज खेलेगी। शुरूआत पर्थ में 22 नवंबर से होगी। आखिरी टेस्ट 3-7 जनवरी के बीच खेला जाएगा।

बीजीटी से पहले 5 चुनौतियों पर गंभीर के जवाब



1. विराट-रोहित रोहित शर्मा और विराट कोहली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 मैचों की सीरीज में कुछ खास प्रदर्शन नहीं किया। न्यूजीलैंड ने क्लीन स्वीप किया। रोहित शर्मा ने 3 मैचों में टोटल 91 रन बनाए। कोहली का आंकड़ा 93 रन था। गंभीर ने कहा, 'इन दोनों में अभी परफॉर्मेंस और रनों के लिए गजब की भूख बाकी है। ऑस्ट्रेलिया में दोनों वापसी करेंगे। हमारे ड्रेसिंग रूम में कई शानदार प्लेयर्स हैं, जिन्होंने शानदार क्रिकेट खेली है।'

2. रिकी पोंटिंग ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने हाल में कोहली की फॉर्म पर कहा कि वे पिछले 5 साल में 2 शतक ही बना सके हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि टीम इंडिया [illegible] में अच्छा खेल नहीं दिखा पाएगी और सभी मैच हारेगी। इस पर गौतम गंभीर ने कहा कि पोंटिंग ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट पर ध्यान दें, उन्होंने भारतीय क्रिकेट से क्या लेना-देना है।



3. न्यूजीलैंड से हार और प्रेशर न्यूजीलैंड से टेस्ट सीरीज हार के बाद कुछ रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया कि बीजीटी में गंभीर पर काफी दबाव होगा। अगर उन्होंने अच्छे नतीजे नहीं दिए तो उन्हें भारतीय कोच पद से हटाया जा सकता है। दबाव के सवाल पर गंभीर ने कहा, 'मैं किसी दबाव में नहीं हूं। हम आलोचनाओं का सामना कर रहे हैं। हम इसे खुले तौर पर स्वीकार कर रहे हैं। हमें आगे बढ़ने की जरूरत है। ऑस्ट्रेलिया में हम नई सीरीज खेलने जा रहे हैं।'

4. ऑस्ट्रेलियाई कंडीशन कोच गंभीर ने कहा कि मैं खिलाड़ियों के ऑस्ट्रेलिया के माहौल में ढलने के बारे में नहीं सोच रहा हूं। ना ही टीम के ट्रांजिशन फेज के बारे में सोच रहा हूं। परिवर्तन हो या ना हो, मैं 5 टेस्ट मैच के बारे में सोच रहा हूं। हमारे ड्रेसिंग रूम में कुछ मजबूत किरदार हैं, जिनमें अच्छा करने की भूख है।'

5. रोहित शर्मा आशंका है कि निजी कारणों से रोहित शर्मा पर्थ में हो रहा पहला टेस्ट ना खेल पाएं। इस पर गंभीर ने कहा कि अगर रोहित नहीं खेलते हैं तो जसप्रीत बुमराह कप्तानी करेंगे। वे टीम के वाइस कैप्टन हैं। इस कंडीशन में रोहित की जगह केएल राहुल और अभिमन्यु ईश्वरन ओपनिंग कर सकते हैं।

# राष्ट्रीय विद्यालयीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का समापन

## यूपी की टीम को हराकर विद्या भारती बनी विजेता

**बरेली।** बरेली में 68वीं राष्ट्रीय विद्यालयीय वॉलीबाल प्रतियोगिता में रविवार को बालक वर्ग में विद्या भारती की टीम ने उत्तर प्रदेश को 3-1 से मात देकर जीत हासिल की। वहीं बालिका वर्ग में गुजरात को मात देकर पश्चिम बंगाल ने 3-0 से जीत दर्ज कराई।

बरेली के राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में अंडर-17 वॉलीबाल प्रतियोगिता में रविवार को सेमी फाइनल और फाइनल मुकाबले खेले गए। इस दौरान बालक वर्ग के फाइनल मुकाबले में उत्तर प्रदेश की टीम के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विद्या भारती को कांटे की टक्कर दी और पहला राउंड 26-24 स्कोर से जीत लिया। दूसरे राउंड में भी दोनों ही टीमों के बीच कांटे की टक्कर चल रही थी, लेकिन तभी उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी अनस के पैर में चोट लग गई।



### अनस के घायल होने से बिगड़ी चाल

घायल होने पर अनस कोर्ट से बाहर चले गए। उनके इलाज के लिए काफी समय तक आइस पैक नहीं आ सकी। इसके कुछ देर बाद आयोजकों ने बर्फ का टुकड़ा मंगवाकर उनका इलाज शुरू किया, लेकिन अनस फिर खेल नहीं सके। अनस के घायल होने से टीम की चाल बिगड़ गई। इसके बाद विद्या भारती टीम के खिलाड़ियों ने अपनी लंबाई का फायदा उठाते हुए 29-27 स्कोर से जीत हासिल की।

तीसरे राउंड में भी उत्तर प्रदेश की टीम आगे चल रही थी, लेकिन 22वें अंक विद्या भारती की टीम आगे हो गई। इस अंक को लेकर उप्र की टीम के खिलाड़ियों का रेफरी के साथ विवाद भी हुआ। हालांकि रेफरी ने विद्या भारती के पक्ष में फैसला सुनाया। इसके साथ ही मैच में पिछड़ा उप्र अपनी वापसी नहीं कर सका और विद्या भारती ने यह राउंड 25-22 जीत लिया। विद्या भारती को विजेता घोषित किया गया।

### पश्चिम बंगाल ने गुजरात को हराया

वहीं बालिका वर्ग में पश्चिम बंगाल ने अपनी फुर्ती के दम पर गुजरात को बड़े स्कोर के अंतर से लगातार 25-14, 25-17 व 25-13 स्कोर से हराकर एकतरफा मुकाबला जीत लिया। इससे पहले बालक वर्ग के सेमी फाइनल मुकाबले में उत्तर प्रदेश की टीम ने पंजाब को 3-1 से व विद्या भारती ने झारखंड को 3-0 से हराया। बालिका वर्ग में पश्चिम बंगाल ने राजस्थान को 3-2 से व गुजरात ने झारखंड को 3-0 से हराया।

### विजेता खिलाड़ियों को किया गया पुरस्कृत

बालक वर्ग के फाइनल मुकाबले में राजस्थान की टीम तीसरे और पंजाब की टीम चौथे स्थान पर रही। वहीं बालिका वर्ग में राजस्थान की टीम तीसरे और झारखंड की टीम चौथे स्थान पर रही। विजेता खिलाड़ियों को शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) डॉ. महेंद्र देव, परिषद के सचिव और स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया के सदस्य भगवती सिंह, महापौर डॉ. उमेश गौतम ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इस दौरान संयुक्त शिक्षा निदेशक राकेश कुमार, उप शिक्षा निदेशक गजेंद्र कुमार, क्षेत्रीय सचिव माध्यमिक शिक्षा नीरज पांडेय, जिला विद्यालय निरीक्षक देवकी सिंह, ओम प्रकाश राय मौजूद रहे।

# विराट को लेकर पोंटिंग के बयान पर भड़के कोच गंभीर, बोला- रिकी का भारतीय क्रिकेट से क्या लेना देना?

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने विराट कोहली की फॉर्म को लेकर ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग के बयान की आलोचना की है। ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान गंभीर ने सीनियर बल्लेबाजों विराट कोहली और रोहित शर्मा का समर्थन किया है। पोंटिंग ने हाल ही में कोहली के फॉर्म पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि कोहली के अलावा अगर किसी अन्य खिलाड़ी ने पांच साल में दो शतक बनाए होते तो वह टीम में नहीं होता। अब गंभीर ने पोंटिंग पर निशाना साधा है।

गंभीर से जब पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए रवाना होने से पहले प्रेस कांफ्रेंस में सीनियर खिलाड़ियों की खराब फॉर्म के बारे में पूछा गया तो मुख्य कोच ने कहा कि पोंटिंग का भारतीय क्रिकेट से कोई लेना देना नहीं है। उन्होंने कहा कि कोहली और रोहित में टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करने की भूख है। उन्होंने कहा, 'पोंटिंग का भारतीय क्रिकेट से क्या लेना-देना है? मुझे लगता है कि उन्हें ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के बारे में सोचना चाहिए। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्हें विराट और रोहित के लिए उन्हें किसी भी तरह की चिंता नहीं है।



गंभीर ने कहा, 'मुझे लगता है कि रोहित और विराट बेहद मजबूत खिलाड़ी हैं। उन्होंने भारतीय क्रिकेट के लिए काफी कुछ हासिल किया है और भविष्य में भी हासिल करते रहेंगे। मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वे अभी भी वास्तव में कड़ी मेहनत करते हैं और वे अभी भी भारतीय क्रिकेट को लेकर भावुक हैं, वे अभी भी बहुत कुछ हासिल करना चाहते हैं और यह कुछ ऐसा है जो बहुत महत्वपूर्ण है। भारतीय ड्रेसिंग रूम में रन, विकेट या जीत के लिए भूख मेरे लिए महत्वपूर्ण है और यही चीज ड्रेसिंग रूम में मौजूद बाकी लोगों के लिए भी महत्वपूर्ण है। मुझे लगता है कि भारतीय टीम में बहुत भूख है और खासकर पिछली सीरीड में जो हुआ उसके बाद तो हमारे खिलाड़ी अच्छा करना चाहते हैं।'

# पॉश कालोनी में चल रहा था देह व्यापार, महिलाओं को ऐसे फंसाते थे





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद में ओयो होटलों से लेकर फ्लैटों तक में देह व्यापार चल रहा है। दो दिन पहले विजयनगर और शालीमार गार्डन थाना पुलिस ने होटलों और फ्लैटों में छापेमारी करके गंदे काम में लिप्त रैकेट का पदार्फाश किया था। सोमवार को एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह के नेतृत्व में इंदिरापुरम थाना पुलिस ने एक फ्लैट पर छापा मारकर देह व्यापार का पदार्फाश करने का दावा किया है। पुलिस ने फ्लैट से तीन महिलाओं को रेस्क्यू करने के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने सर्च एवं रेस्क्यू अभियान के अंतर्गत एक सूचना के आधार पर वसुंधरा के सेक्टर-एक के मकान नंबर- 61 पर छापा मारकर तीन महिलाओं को रेस्क्यू कराया है। रेस्क्यू कराई गई तीनों महिलाएं गरीब परिवारों से हैं और उन्हें लालच देकर देह व्यापार कराया जा रहा था। रैकेट संचालक ग्राहकों से मोटे पैसे वसूलता था, जबकि महिलाओं को गुजारे के लायक पैसे देकर टरका देता था।

### संचालक ने एक मैनेजर रखा हुआ था

एसीपी ने बताया कि सैक्स रैकेट के संचालक ने बाकायदा एक मैनेजर रखा हुआ था जो सारी व्यवस्था संभालता था। मैनेजर को देह व्यापार कराने के आरोप में साहिबाबाद थानाक्षेत्र से भी गिरफ्तार किया गया था। जमानत पर छूटने के बाद उसने वसुंधरा में सैक्स रैकेट संचालक के साथ मिलकर यही काम शुरू कर दिया।

### गरीब महिलाओं को फंसाता है रोहित

एसीपी ने बताया कि रैकेट संचालक पसौंडा का रहने वाला है, उसने मुरादनगर थानाक्षेत्र के सुराना गांव निवासी रोहित कुमार पुत्र महेंद्र को बतौर मैनेजर रखा हुआ है। रोहित को पुलिस ने मौके से गिफ्तार किया है। 24 वर्षीय रोहित साहिबाबाद थानाक्षेत्र के लाजपतनगर में किराए के मकान में रहता है। उसके अलावा पुलिस ने मौके से दो ग्राहक प्रहलादगढ़ी निवासी प्रिंस भारती पुत्र श्रीचंद भारती और वसुंधरा सेक्टर-9 निवासी 55 वर्षीय राजेंद्र गोंडाने पुत्र बलिराम को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से आपत्तिजनक सामान, चेक बुक और चार मोबाइल बरामद किए हैं।

### सैक्स रैकेट का संचालक फरार

एसीपी ने बताया कि सैक्स रैकेट का संचालक पसौंडा निवासी रविंद्र कुमार फरार है। पकड़े गए अभियुक्तों से पूछताछ के आधार पर पुलिस संचालक की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। एसीपी के मुताबिक रेस्क्यू कराई गई महिलाओं ने पुलिस को बताया गया है कि रविंद्र और उसका मैनेजर रोहित ज्यादा कमाई के लालच में गरीब महिलाओं को काम दिलाने के बहाने बुलाकर देह व्यापार कराते थे। ग्राहकों से मोटे पैसे वसूलने वाला रैकेट संचालक और उसका मैनेजर महिलाओं को भरण पोषण के लिए कुछ राशि दे देते थे।

# मकान में लगी आग, लाखों का सामान जलकर हुआ राख



**नोएडा करंट क्राइम।** नोएडा के निठारी गांव में रविवार रात एक मकान में अचानक भीषण आग लग गई, जिसने चंद मिनटों में पूरे मकान को अपनी चपेट में ले लिया। यह घटना घनी आबादी वाले इलाके में होने के कारण आस-पास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई, और सभी लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। पुलिस के अनुसार, यह घटना थाना सेक्टर 20 इलाके में मंगल बाजार के सामने गली नं. 5 स्थित एक मकान के तीसरे तल पर रात करीब 8 बजे हुई। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी मौके पर पहुंची, लेकिन स्थानीय लोगों ने उनके पहुंचने से पहले ही आग पर काबू पा लिया था।

### सामान जलकर हुआ खाक

घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन मकान में रखा लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। फिलहाल, आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

यह आग इतनी भीषण थी कि दूर से ही इस आग का नजारा दिख रहा था। आग लगने की घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर भी जमकर वायरल हुआ। जिसमें साफ तौर पर दिख रहा था कि आग की लपटें दूर से ही दिखाई दे रही थीं, गनीमत यह रही कि इस हादसे में कोई भी जनहानि नहीं हुई है। हालांकि मकान के अंदर रखा हुआ सारा सामान जलकर राख हो गया।




### सरकारी बेईमान क्यों सीएलसी के ईमानदार को धमका रहा है

किस्सा निगम में बेईमानी के सिस्टम से जुड़ा है और किस्से में सबके तार जुड़ हैं। रोचक पहलू ये है कि बेईमानी का सामान ईमानदारी से लौटा दिया गया । सीन अबअ ये है कि ईमानदार को बेईमान धमका रहा है। किस्सा गांधी जी के मौहल्ले से जुड़ा है और किस्से में पार्क वाला आपरेटर हैं जो सीएलसी कर्मचारी है। पार्क वाले पंप रूम में सामान डंप हो रहा था। डंप सामान कहीं से तो जंप होकर आ रहा था और सीएलसी वाला इस की चौकीदारी कर रहा था। उसे लगा कि कोई इस सामान को चुरा कर ना ले जाये। उसने ईमानदारी से उस सामान को सरकारी गोदाम में जमा करा दिया। सीएलसी वाले को नही पता था कि गोदाम से लेकर पार्क तक सब के सब एक है। गोदाम वालों ने भी माल तो रिसीव कर लिया लेकिन रसीद, पावती कुछ नही दी। रसीद देते तो पोल खुल जाती लेकिन जब परमानेंट वाले को पता चला तो उसके बोल ही बिगड़ गये। उसने सीएलसी वाले मिस्टर की सीधे सीधे मम्मा सिस्टर कर दी और कहा कि तू है कौन बे हमसे बिना पूछे इस सामान को यहां से ले जाने वाला। सुना है कि निगम वाले बेईमानो की दहाड़ से सीएलसी वाला ईमानदार सहम गया। जो सामान पंप वाले रूम से निगम के गोदाम में पहुंच गया था वो सामान फिर से बाईज्जत वहां से वापिस आ गया है और पार्क वाले पंप रूम मे रखवा दिया गया है। अब तो सीएलसी वाले को हड़काया जा रहा है। सीएलसी वाले को कौन समझाये कि यहीं तो कमाई का जुगाड़ हैं। निगम वाले ही बता रहे हैं कि दरअसल इस खेल में सब के सब इनवाल्व हैं। ये सब माल है और ये बस दिखने में ही तो कबाड है। इसीलिये तो लिखित में रिसीव नही हुआ।

### हाथ वाले क्या कर रहे थे रेस्टोरेंट में कमल वालों के साथ

फूल वालों के चक्रव्यूह में साईकिल फंसती दिखाई दे रही है। गठबधंन की बेला में खेला ही केबल वालों के साथ होता नजर आ रहा है। सीन कुछ ऐसा है कि बाजा है बारात नही और दूल्हा दुल्हन साथ नही। भगवा कमांडर पहले ही कह चुके है कि मेरी तो फाईट ही एलीफेंट के साथ है। हो सकता है कि ये गठबधंन के डीएम को गुमराह करने की भी चाल हो। बहरहाल सुना है कि कमांडर के खास मेंबर हसबैंड को आपरेशन लोटस की कमान दी गई। कमांडर का खास पहले से ही बवडंरी माना जाता है और उसने हाथ वालों से वार्ता के लिये रेस्टोरेंट भी कमल वालो के चुनावी दफ्तर से लगता हुआ चुना। अब यहां हाथ के वो मेंबर भी आ गये जो साईकिल से चलते हैं। मकवाना भी आ गये और अंदर क्या भुटटे भुने ये तो कांग्रेस के चुने हुये मेंबर बता सकते हैं या वो बता सकते हैं जिनकी वाईफ भगवा मेंबर हैं। वो आपरेशन लोटस बता रहे हैं।

### जब मलबा उठा तो पता चला कि निगम का बाबू ही है ठेकेदार

फूल पार्टी तो अपने देवतुल्यों पर अकुंश लगाती रह गई कि ठेकेदारी नही करनी है और सरकारी बाबुओं ने पूरे सिस्टम को अपने हिसाब से काबू भी कर लिया। तुलसी ही अकेले नही है यहां और भी हैं जो ठेकेदारी कर रहे हैं। पता भी नही चलता अगर निगम का सुपरवाईजर इलाके के पार्षद को पहचान लेता। ठेकेदार से पार्षद ने कहा तो अगले दिन ही सुपरवाईजर जेसीबी और ट्रैक्टर ट्राली समेत पहुंचा। वो मेंबर को नही पहचानता था और वो मेंबर से ही उलझ गया। फूल और रूल के बीच में पता चला कि त्वरित एक्शन ही इसलिये हुया है क्योंकि परदे के पीछे असली ठेकेदार ही निगम का बाबू है। सरकार वालों की तकरार का सीन ये रहा कि मेंबर का पता चलने के बाद भी निगम का सुपरवाइजर किसी हूल में आने को तैयार नही था और पूरे रूल पढ़ा रहा था।

## न्यूज डायरी

### मकान मालिक ने महिला का सामान सड़क पर फेंका, रिपोर्ट दर्ज




**मोदीनगर, करंट क्राइम।** मकान मालिक ने महिला किराएदार का सामान कमरे से बाहर फेंक दिया। विरोध करने पर महिला के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। गांव काजमपुर निवासी दीपा रघुवंशी भूपेन्द्रपुरी कॉलोनी की चुन्नाभट्टी कॉलोनी में आशीष के मकान में किराए पर रहती है। दीपा रघुवंशी ने बताया कि गत सात नम्वबर को जब वह अपने कमरे पर पहुंची तो उसका सारा सामान कमरे से बाहर पड़ा हुआ था। जब इसका विरोध किया तो मकान मालिक ने उसके साथ मारपीट कर घायल कर दिया। महिला ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गोपाष्टमी पर राधे गौशाला में पूजा-अर्चना कार्यक्रम

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** हापुड मार्ग स्थित राधे गौशाला में महिलाओं ने गोपाष्मी पर पूजा अर्चना की गई। महिलाओं ने कहा कि आज के दिन ही भगवान श्रीकृष्ण द्वारा की गायों की सेवा के लिए समर्पित की है। इस मौके पर सुधा रानी, सहिस्ता, वर्षा गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### पालिका की दो स्ट्रीट लाइट चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** नगर पालिका परिषद द्वारा बिजली के खंभे पर लगाई दो स्ट्रीट लाइट चोरी हो गई। सहायक पथ प्रकाश प्रभारी की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। नगर पालिका परिषद के पथ प्रकाश विभाग के सहायक प्रभारी प्रवीण कुमार ने बताया कि वार्ड नम्बर छह में नबाव विहार में लगी दो स्ट्रीट लाइट चोरी हो गई है। उन्होने बताया कि लाइट चोरी करना सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने में आता है। उन्होने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लाइट चोरी करने वालों की तलाश शुरू कर दी है।

### पड़ोसी युवक दो मोबाइल चोरी कर हुआ फरार

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** पड़ोसी युवक घर में घुसकर दो मोबाइल चोरी कर फरार हो गया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। गांव बेगमाबाद निवासी महिला सोनिका ने बताया कि उसका एक पड़ोसी घर में आया और उसका व उसके भाई का मोबाइल चोरी कर ले गया। उसका काफी दूर तक पीछा भी किया, लेकिन वह हाथ नहीं आया। पीड़ित ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने विशु निवासी गांव बेगमाबाद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

# शादी ना करने पर युवक ने दी वीडियो वायरल करने की धमकी



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** युवक अपनी पडौसी युवती पर शादी करने का दबाब बना रहा है। शादी ना करने पर युवती की अश्लील वीडियो सोशल साइड पर वायरल करने की धमकी दे रहा है। युवती ने थाने में तहरीर दे कार्रवाई की मांग की है।

नगर की एक कॉलोनी निवासी एक युवती परिवार सहित रहती है। युवती थाने पहुंची और तहरीर देते हुये आरोप लगाया है कि उसका पड़ोसी युवक काफी समय से उसे परेशान कर रहा है और वह अश्लील वीडियो व फोटो वायरल करने की धमकी देता रहता है। पीड़िता ने बताया कि इतना ही नहीं वह जबरदस्ती शादी करने का भी दबाव भी बना रहा है। शादी ना करने पर आरोपी ने युवती व उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी है। इसी डर से युवती घर से बाहर निकलने से भी डर रही है। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने जांच के बाद सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

# वाहन चोरी की वारदातों में हुई वृद्धि



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** अचानक क्षेत्र में वाहन चोरी की बढ़ती घटनाओं को लेकर लोगों में रोष है। एक ही दिन में तीन वाहन चोरी की घटनाएं होने से पुलिस की चौकसी पर सवालियां निशान लग गये हैं। पहली घटना तहसील पर काम से आये एक युवक की चोर स्कूटी चुरा ले गये, तो वही गांव रावलीकला निवासी महामाया देवी मंदिर पर बाइक से प्रसाद चढ़ाने आया था, उसकी बाइक चोरी हो गयी। इसके अलावा गांव नाहली में खेत पर काम कर रहे किसान की बाइक चोर चुरा ले गये। पुलिस ने तीनों मामले रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

गोविन्दपुरी की उपकॉलोनी सुचेतापुरी निवासी जगदीश शर्मा ने बताया कि वह सुबह लगभग 12 बजे तहसील मुख्यालय के गेट के पास अपनी स्कूटी खड़ी कर काम निपटाने के बाद जब वह वापस लौटा तो इस बीच उसकी स्कूटी चोरी हो गयी। वही गांव रावली कलां निवासी सतेंद्र कुमार गांव सीकरीखुर्द महामाया देवी मंदिर पर प्रसाद चढ़ाने आये थे, मंदिर के गेट के बाहर बाईक खडी कर जब वे प्रसाद चढाकर लौटे तो इस बीच उनकी बाईक चोर चुरा ले गये। इसके अलावा भोजपुर थानान्तर्गत गांव नाहली निवासी एहसान बाईक से खेत पर गया था, यहाँ वह बाईक खडी कर खेत पर दवाईयों का स्प्रे कर रहा था। इस दौरान चोर उसकी बाईक चुरा ले गये। वाहन चोरी की बढ़ती घटनाओं को लेकर लोगों में खासी नाराजगी है।




## क्या नंवबर में आएगी एसीपी की लिस्ट

पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम गाजियाबाद में 23 नवंबर के बाद एसीपी स्तर के अधिकारियों के लिए एक लिस्ट आ सकती है। बता दें कि वर्तमान में इन दिनों बड़ी संख्या में एसीपी स्तर के अधिकारी हैं जो सर्किल से लेकर ऑफिस व साइड लाइन वाली डयूटी में लगे हुए हैं। कई को प्रमुख काम सौंपे गए हैं तो कई समय काट रहे हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्रों की जुबानी सुनने में आया है कि लिस्ट में कई टविस्ट् भी देखने को मिल सकते हैं। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि इस बार की जो लिस्ट आएगी उसका असर कमिश्नरेट के तीनों जोन में देखने को भी मिल सकता है। वही लंबे समय से जमे रहने वाले तीन एसीपी स्तर के अधिकारियों को लेकर सूचनांए बाहर आने की बात हो रही है। सुननें में आया है कि कहीं तीनों में ही अदला-बदली वाली स्थिति ना बन जाए। इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम वाले सूत्र बता रहे हैं कि सिटी में एक बदलाव तो नदियापार में भी एक से अधिक की चर्चा और देहात में भी दो बदलाव हो सकते हैं। देखना होगा किसके नाम पर मोहर लगती है और किसको चार्ज मिलता है और कौन इंतजार करता रहेगा। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम वाले सूत्र बता रहे हैं कि आचार संहिता के बाद कुछ बदलाव वाले समीकरण एसीपी स्तर के अधिकारियों के लिए बन सकते है। वैसे सिटी में जो आंदोलन चल रहा है उसे बहुत ही मैनेजमेंट के साथ कंट्रोल में किया हुआ है। जहां कई थानों का फोर्स होता था वहां एक साहब ने पूरी मोर्चा संभाला हुआ है। तो वही जिस तरीके से सिटी वाले दूसरे एसीपी अपने इलाके में ताबड़तोड़ कार्रवाई का चाबुक चला रहे हैं उनकी भी टीआरपी ठीक बनी हुई है। वहीं उनके यहां फिर यूपी वाले महाराज जी का कार्यक्रम है। तो फिर उनको बेहतर ढंग से व्यवस्था आयोजन और अन्य जिम्मेदारियां पर फोकस करना होगा। इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र जानकारी दे रहे हैं कि नवंबर अंतिम दिनों में कुछ सूचनाओं आएंगी। वहीं थ्री-स्टारों को लेकर भी सूचनाएं आने की संभावना बनी हुई है। तो चौकी प्रभारियों के लिए भी अभी वेट वाली सिचुएशन बनी हुई है। उधर 2015 बैच वाले अभी भी इंतजार में हैं, कि वह दूसरे कमिश्नरेट कब जाएंगे। कुल मिलाकर नवंबर के अंतिम दिनों में कई तरीके की सूचनाओं और लिस्ट बाहर आने की प्रबल संभावना बनी हुई है।




# जमानत पर छूटे युवक ने दी धमकी



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** तहसील परिसर में मुकदमे की सुनवाई पर आये एक युवक के साथ दो भाइयों ने गाली गलौच व मारपीट की। उक्त आरोपी में से एक भाई जमानत पर आया हुआ है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। दिल्ली की यमुना विहार निवासी महिला मुनेश ने आरोप लगाया है कि उसके पति किरणपाल का मोदीनगर तहसील में खेत के दाखिल खारिज को लेकर तिबडा रोड़ निवासी विपुल से विवाद चल रहा है। विवाद की सुनवाई को लेकर जब उसके पति तहसील पहुंचे तो आरोप है कि विपुल व उसका भाई मुकुल ने उसके पति के साथ अभद्रता, गाली गलौच करते हुए मारपीट कर दी। ओर जान से मारने की धमकी तक दे डाली। विपुल पूर्व में जेल भी जा चुका हैं। पुलिस ने दोनो भाईयों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पिता को फंसाने के लिए खुद मारी गोली

## चल रहा था संपत्ति विवाद, अस्पताल से छुट्टी होते ही किया गिरफ्तार

- जब मामले की जांच शुरू की तो कई चौंकाने वाली बात सामने आई। जांच में पता चलाकि शुभम का अपने पिता से संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा था।



**मुरादनगर करंट क्राइम।** मुरादनगर थाना क्षेत्र की संजय नगर कॉलोनी में संपत्ति विवाद को लेकर एक युवक को संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लग गई। पुलिस का कहना है कि पिता को फंसाने के लिए युवक ने खुद ही तमंचे से गोली मारी थी। घायल को इलाज के बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। संजय नगर कॉलोनी निवासी यशविंदर परिवार सहित रहते हैं। बताया जा रहा है कि संपत्ति विवाद को लेकर उनका अपने पुत्र से विवाद चल रहा है। उनका पुत्र शुभम परिवार से अलग रहता है। रविवार रात को सुबह वो अपने पिता के घर पहुंचा और बात करने लगा। इसी बीच उसको अचानक गोली लग गई और वो खून से लथपथ होकर सड़क पर गिर गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शुभम को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। शुभम ने पुलिस को बताया की पिता ने गोली मारी है। एसीपी मसूरी सर्कल सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि जब मामले की जांच शुरू की तो कई चौंकाने वाली बात सामने आई। जांच में पता चलाकि शुभम का अपने पिता से संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा था। कुछ समय पहले पिता ने उसे संपत्ति से बेदखल भी कर दिया था। रविवार को वह अपने माता-पिता के घर पर पहुंचा और वहां जाकर भाई से झगड़ा करने लगा। इसके बाद अपनी बाएं हाथ पर एक भगवा रंग के गमछा को चार बार मोड़कर खुद ही तमंचा से अपने कंधे और बाजू के बीच में बाहर की तरफ से गोली मार ली है। पुलिस को वो मौके से वह गमछा मिला है, जिसमें आठ छेद हैं। एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि आरोपी शुभम को हिरासत में ले लिया गया है। अस्पताल से छुट्टी होते ही उसे गिरफ्तार कर लिया।

# समस्याओं का समाधान न होने पर भाकियू किसान सभा ने दी आंदोलन की चेतावनी

बैठक में पूर्व में 22 अक्टूबर को संगठन की ओर से इन समस्याओं के दिये गये ज्ञापन पर अभी तक कोई कार्यवाही ना होने को लेकर रोष जाहिर किया गया।




**मोदीनगर, करंट क्राइम।** ग्रामीणों ने आवारा पशुओं से परेशान होकर, कूड़ा-करकट को लेकर व तालाब की सफाई की मांग के प्रति स्थानीय प्रशासन के रैवये को लेकर रोष जाहिर किया हैं। साथ ही भाकियू किसान सभा के यूथ विंग के जिलाध्यक्ष आकाश त्यागी उर्फ आशू ने चेताया है कि यदि एक सप्ताह के भीतर उनकी मांगों को लेकर कोई कार्यवाही नही की गयी तो आगामी 16 नवंबर को भोजपुर ब्लाक मुख्यालय का ग्रामीण घेराव करेंगे। भारतीय किसान यूनियन किसान सभा के यूथ विग के जिला अध्यक्ष आकाश त्यागी उर्फ आशु की अध्यक्षता में संगठन के पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में पूर्व में 22 अक्टूबर को संगठन की ओर से इन समस्याओं के दिये गये ज्ञापन पर अभी तक कोई कार्यवाही ना होने को लेकर रोष जाहिर किया गया। साथ ही गांव के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर के बाहर कूड़ा करकट, तालाबों की सफाई न होने रास्तों में जल भरा होने के कारण गांव में बढ़ती बीमारी, जाटव समाज के मुक्ति स्थल पर जाने वाले रास्ते पर जमा जल भराव को लेकर भी ग्राम प्रधान व सचिव को अवगत कराये जाने के बावजूद अभी तक किसी भी समस्या के निस्तारण का प्रयास ना होने का आरोप लगाया गया। तय हुआ कि आगामी 16 नंवबर को इन समस्याओं को लेकर ब्लॉक मुख्यालय पर किसान सभा धरना प्रदर्शन करने का बाध्य होगी। प्रदर्शन में संगठन के युवा प्रदेश अध्यक्ष विनीत त्यागी व जिलाध्यक्ष आशु त्यागी आदि मौजूद रहे।

# श्री गुरुनानक देव के प्रकाश पर्व पर निकला विशेष नगर कीर्तन



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** साहिब श्री गुरुनानक देव के प्रकाश पर्व के उपलक्ष में गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा गोविन्दपुरी के तत्वावधान में निकले नगर कीर्तन का समाजसेवी दंपति जसमीत सिंह व अनुप्रीत कौर के निज निवास पर भव्य स्वागत हुआ। इस दौरान उपजिलाधिकारी डॉ0 पूजा गुप्ता भी विशेष रूप से उपस्थित रही। इस दौरान जसमीत सिंह, अनुप्रीत कौर व उनके तमाम सहयोगियों द्वारा एसडीएम डॉ0 पूजा गुप्ता को गुरू नानक जयंती का प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा मोदीनगर एवं गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा गोविन्दपुरी के प्रधान सहित शहर के अनेक गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

# हाईटेंशन लाइन टूटने से गन्ने की फसल जलकर राख



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** हाईटेंशन लाइन के टूटकर गिर जाने के कारण भाकियू नेता की ईख की फसल जलकर राख हो गयी। आग की सूचना मिलते ही फायर विभाग की गाड़ी पहुंची और दमकलकर्मियों के साथ ग्रामीणों ने मिलकर आग पर काबू पाया। गांव बेगमाबाद निवासी भाकियू के नगर अध्यक्ष पप्पी नेहरा के गांव में ईख के खेत के ऊपर से 11 हजार उच्च क्षमता की विद्युत लाइन जा रही है, सायं लाइन का तार टूटकर गिर गया, गनीमत रही कि उस दौरान खेत पर कोई काम नही कर रहा था। तार की चपेट में आकर लाखों की ईख की फसल में आग लग गई।

# बिजली के खंभे पर चढ़कर युवक ने किया डांस

## बिजली अफसरों ने बंद की विद्युत आपूर्ति, दो घंटे बाद उतरा नीचे

नीचे उतारने के लिए शख्स को शराब की बोतल भी दिखानी पड़ी। लंबी कोशिश के बाद ही शख्स सही सलामत नीचे उतरा।



**नोएडा, करंट क्राइम।** नोएडा के सेक्टर 76 में एक अजीबोगरीब घटना देखने को मिली, जब एक युवक हाईटेंशन बिजली के खंभे पर चढ़ गया और वहां डांस करने लगा। इस घटना की सूचना मिलते ही थाना सेक्टर 113 की पुलिस टीम, फायर विभाग, और बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। करीब दो घंटे तक युवक खंभे पर चढ़ा रहा। युवक को नीचे उतारने के लिए आसपास के लोग और पुलिस के अधिकारियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। नीचे उतारने के लिए शख्स को शराब की बोतल भी दिखानी पड़ी। लंबी कोशिश के बाद ही शख्स सही सलामत नीचे उतरा। फायर विभाग के सीएफओ प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि उन्हें सेक्टर 113 इलाके के सेक्टर 76 में एक व्यक्ति के हाईटेंशन खंभे पर चढ़ने की सूचना मिली थी। इसके तुरंत बाद फायर यूनिट और बिजली विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंची और सुरक्षा के लिहाज से बिजली की आपूर्ति को काट दिया गया। अधिकारियों ने युवक को समझाने का प्रयास किया और चेतावनी दी कि यदि वह नहीं उतरता, तो उसे फायर विभाग की हाइड्रोलिक मशीन की मदद से नीचे उतारा जाएगा। काफी मान-मनौवल कराने के बाद युवक आखिरकार नीचे उतर आया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि युवक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं लग रही थी, और उसे प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस युवक की पहचान और उसके इस अप्रत्याशित कदम के पीछे के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

# चीन के एक शहर की सड़कों पर दिखे लाखों छात्र आखिर क्यों रात भर चलाई 50 किमी साइकिल



**बीजिंग ।** चीन में लाखों की संख्या में छात्र रात में अपनी साइकिलों को चलाते दिखाई दिए।

सड़क की रोशनी में घंटों साइकिल चलाते समय कभी यहां का राष्ट्रगान गाते दिखे तो कभी झंडा लहराते दिखे। अगर आपको लग रहा यह छात्र मजे के लिए यानी करीब पांच घंटे तक साइकिल चला रहे थे तो आप गलत हैं।

### एक लाख छात्र सड़कों पर

दरअसल, रात के समय साइकिल चलाने की शुरूआत चार चीनी छात्रों ने की थी। उन्हें सूप डंपलिंग चखना था, जिसके लिए वह साइकिल चलाकर कैफेंग पहुंचे थे। उनसे आकर्षित होकर अन्य छात्रों ने भी 50 किलोमीटर साइकिल चलाकर जाने की योजना बनाई। शुक्रवार को करीब एक लाख छात्र सड़कों पर नजर आए। इससे प्रमुख सड़कें जाम हो गईं। एक छोटा पर्यटक शहर भर खचाखच भीड़ से भरा हुआ दिखाई दिया। मामला सामने आने पर अधिकारियों का ध्यान गया।

**40 मील की यात्रा तय की :** इन छात्रों ने चीनी शहर झेंग्झौ से पड़ोसी शहर कैफेंग तक 40 मील की यात्रा तय की। हेनान विश्वविद्यालय के एक छात्र लियू लुलु ने बताया, 'लोगों ने एक साथ गाना गाया और एक-दूसरे का उत्साहवर्धन किया, जबकि वे एक साथ रास्ते में आगे बढ़ रहे थे। मैं युवा लोगों के जुनून को महसूस कर सकता था। यह एक साइकिल की सवारी से कहीं बढ़कर था।'

### वायरल हो रहा वीडियो

अधिकारियों ने बताया कि कैफेंग में क्षमता से अधिक लोग पहुंच गए थे, जिससे आवास, रेस्तरां और सार्वजनिक स्थान खचाखच भरे हुए थे। ऑनलाइन वायरल हो रहे वीडियो में हजारों साइकिल सवारों को छह लेन वाले झेंगकाई एवेन्यू पर देखा जा सकता है, जो झेंग्झौ और काफी छोटे कैफेंग की सड़कों के बीच का एक्सप्रेसवे है।

अधिकारियों ने बताया कि कैफेंग में क्षमता से अधिक लोग पहुंच गए थे, जिससे आवास, रेस्तरां और सार्वजनिक स्थान खचाखच भरे हुए थे।

ऑनलाइन वायरल हो रहे वीडियो में हजारों साइकिल सवारों को छह लेन वाले झेंगकाई एवेन्यू पर देखा जा सकता है, जो झेंग्झौ और काफी छोटे कैफेंग की सड़कों के बीच का एक्सप्रेसवे है। वहीं, पुलिस लाउडस्पीकर का इस्तेमाल कर छात्रों से बाइक या मुफ्त बस से जाने के लिए कह रही है।

**अधिकारियों ने उठाए यह कदम :** शुक्रवार की घटना फिर से न हो सके इसके लिए अधिकारियों ने सप्ताहांत के लिए सड़कों और साइकिल पथों पर अस्थायी प्रतिबंधों का एलान किया। साथ ही बाइक शेयर एप ने चेतावनी दी कि वे झेंग्झौ में निर्दिष्ट जोन से बाहर ले जाने वाली किसी भी बाइक को दूर से लॉक कर देंगे।

कुछ झेंग्झौ विश्वविद्यालयों ने परिसरों में साइकिलों पर प्रतिबंध लगाने और छात्रों को परिसर छोड़ने के लिए पास के लिए आवेदन करने की आवश्यकता सहित उपाय भी लागू किए।

**जून में की थी चार छात्रों ने यात्रा :** जून में झेंग्झौ विश्वविद्यालय के चार छात्रों ने शहर के प्रसिद्ध बड़े आकार के सूप डंपलिंग गुआन तांग बाओ की तलाश में कई घंटों साइकिल चलाकर कैफेंग जाने का फैसला किया था। उनकी यात्रा से जुड़ी एक पोस्ट सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो गई ।

## 12 दिवसीय जलवायु सम्मेलन, मेजबान ने देशों से नए जलवायु वित्त लक्ष्य पर मतभेद को तत्काल सुलझाने को कहा

**अजरबैजान ।** जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र (यूएन) फ्रेमवर्क कन्वेंशन (कॉप-29) के पक्षकारों का 29वां सम्मेलन सोमवार 11 नवंबर से 22 नवंबर तक अजरबैजान के बाकू में चलेगा।

इस वर्ष के संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन के मेजबान अजरबैजान ने सोमवार को सभी देशों से लंबित मुद्दों को तत्काल सुलझाने की अपील की। उनकी ओर से विकासशील देशों को जलवायु परिवर्तन से निपटने में मदद करने के लिए एक नए जलवायु वित्त लक्ष्य पर सहमत होने का आह्वान किया गया। संयुक्त राष्ट्र शिखर सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में अपना भाषण देते हुए उडढ29 के सम्मेलन है। पार्टीज वह देश हैं जिन्होंने 1992 में यूएन के जलवायु समझौते पर दस्तखत किए थे। क्या हैं कॉर्बन ऑफसेट्सकार्बन ऑफसेट क्रेडिट कार्बन उत्सर्जन में कमी के लिए एक प्रमाणपत्र होता है। कुछ सरकारें और कंपनियां अपने जलवायु लक्ष्यों को पूरा करने के लिए ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को सीधे कम करने में असमर्थ होती हैं। ऐसे में कार्बन ऑफसेट क्रेडिट के जरिये कहीं और ऐसे प्रोजेक्ट्स के लिए भुगतान कर सकते हैं जो सोलर पैनल लगाकर, पौधे लगाने जैसे उपाय करके उत्सर्जन को घटाते हैं।

2015 में पेरिस समझौते में वैश्विक औसत तापमान वृद्धि को 2




अध्यक्ष मुख्तार बाबायेव ने कहा कि वर्तमान नीतियां दुनिया को 3 डिग्री सेल्सियस तापमान वृद्धि की ओर ले जा रही हैं, जो अरबों लोगों के लिए विनाशकारी होगा। राष्ट्रीय जलवायु कार्रवाई योजनाओं को पेश करने का अहम पल यह सम्मेलन देशों के लिए पेरिस समझौते के तहत अपनी अपडेटेड राष्ट्रीय जलवायु कार्रवाई योजनाओं को पेश करने का अहम पल भी होगा,जो 2025 की शुरूआत तक पेश की जानी हैं।

अगर सही तरीके से इस पर अमल किया जाए, तो ये योजनाएं वैश्विक तापमान को पूर्व-औद्योगिक स्तरों से 1.5 डिग्री सेल्सियस के दायरे में ला देंगी।

कॉप की पहली बैठक मार्च 1995 जर्मनी के बर्लिन में हुई कॉप की पहली बैठक कॉप यानी कॉन्फ्रेंस ऑफ द पार्टीज जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (यूएनएफसीसीसी) के पक्षों का डिग्री सेल्सियस कम रखने और धरती के तापमान में बढ़ोतरी को 1.5 डिग्री सेल्सियस के दायरे में रखने के लिए 200 देशों ने मंजूरी दी थी। समझौते का अनुच्छेद 6 विकासशील देशों को जलवायु वित्त देने के लिए एक महत्वपूर्ण तंत्र माना जाता है।

समझौते का यह अनुच्छेद देशों को अपने कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए मिलकर काम करने में मदद करता है।

अनुच्छेद 6.2ः दो देशों के मध्य सीधे कार्बन ऑफसेट्स के व्यापार के लिए शर्तें तय करने की मंजूरी देता है।

अनुच्छेद 6.4ः संयुक्त राष्ट्र से प्रबंधित एक केंद्रीय प्रणाली बनाई जाती है, जो देशों और कंपनियों को कार्बन ऑफसेटस खरीदने और बेचने की सुविधा देती है। इसका उद्देश्य ऑफसेट व्यापार को अधिक मानकीकृत और सभी के लिए सुलभ बनाना है।

# श्रीलंका की एयरलाइंस का भारतीयों पर दांव
## रामायण की धरोहरों के बारे में बताकर पर्यटन बढ़ाने की कोशिश

**कोलंबो ।** भारत और श्रीलंका के बीच पड़ोसी देश होने की वजह से आपसी संबंध काफी गहरे हैं। खासकर साझा संस्कृति के चलते दोनों देशों में हमेशा से करीबी रही है। इनमें एक जुड़ाव संस्कृत महाकाव्य रामायण के कारण रहा है। अब श्रीलंका की एक एयरलाइंस कंपनी ने इस जुड़ाव का इस्तेमाल देश के पर्यटन को बढ़ाने और भारतीयों को लुभाने के लिए किया है।

श्रीलंकन एयरलाइंस ने पांच मिनट का एक वीडियो ऐड बनाया है। इसमें रामायण के जिक्र के साथ श्रीलंका में इससे जुड़ी सांस्कृतिक धरोहरों के बारे में बताया गया है।

वीडियो में एक दादी को अपने पोते को रामायण के बारे में बताते दिखाया गया है। वह इस दौरान श्रीलंका के उन स्थानों का जिक्र करती हैं, जिनके बारे में रामायण में बताया गया है। विज्ञापन में फुटेज के जरिए रावण की गुफा, सीता अम्मान मंदिर के अलावा कई प्रमुख पर्यटन स्थलों को शामिल किया गया है।



### श्रीलंकन एयरलाइंस के वीडियो में क्या-क्या?

श्रीलंकन एयरलाइंस के वीडियो ऐड में दादी अपने पोते को जिन स्थलों के बारे में बताती दिख रही हैं। उनमें एला के पास रावण की गुफा शामिल हैं। रामायण के अनुसार यहीं पर रावण ने अपहरण के बाद सीता को रखा था। इसके अलावा सीता अम्मान मंदिर का भी जिक्र किया गया है, इसे अशोक वाटिका के नाम से जाना जाता है।

इसके अलावा ऐड में दादी अपने पोते को रामसेतु के बारे में भी बताती हैं, जिसे रामयाण के मुताबिक, भगवान राम ने वानरों की सेना की मदद से तैयार कराया था।

इसी विज्ञापन में रामायण से जुड़े स्थलों के मनोहर दृश्य भी दिखाए गए हैं। इसके अलावा भगवान हनुमान द्वारा लंका में रावण के महल में आग लगाए जाने की घटना और भारत-श्रीलंका के बीच पुल के निर्माण में उनकी भूमिका का भी जिक्र किया गया है। इस दौरान बच्चा जब पूछता है कि क्या यह पुल क्या अभी भी है, तो दादी कहती हैं- हां तुम इसे अभी भी देख सकते हो। इसे रामसेतु के नाम से जाना जाता है। इसके अलावा वीडियो में एनिमेशन के जरिए रामायण की कहानी से जुड़े पात्रों और दृश्यों को दिखाने की कोशिश की गई है।

## अमेरिका में गोलीबारी का खूनी खेल; मैक्सिको में बंदूकधारियों ने बरसाईं गोलियां, 10 की हत्या की

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका में शनिवार देर रात एक बार फिर भीषण गोलीबारी की घटना हुई। जानकारी के मुताबिक, के सुरक्षा प्रमुख के मुताबिक, चार बंदूकधारियों ने बार में घुसकर सात पुरुषों और तीन महिलाओं की हत्या



मध्य मैक्सिको के क्वेरेटारो राज्य के एक बार में बंदूकधारियों ने 10 लोगों की हत्या कर दी। घटना राज्य की राजधानी के डाउनटाउन इलाके के एक बार में हुई। इलाके को क्वेरेटारो के नाम से भी जाना जाता है। राज्य के अटॉर्नी जनरल और क्वेरेटारो शहर कर दी।

### गोलीबारी में सात अन्य लोग घायल हुए

मामले की जांच में जुटे अधिकारियों ने बताया कि गोलीबारी में सात अन्य लोग घायल हुए हैं।

## सीरिया में इस्राइली हमले, हिजबुल्ला कमांडर समेत नौ की मौतः गाजा और लेबनान में भी दर्जनों मारे गए

**यरुशलम ।** बीते एक साल से ज्यादा समय से इस्राइल और हमास के बीच जंग जारी हैं। वहीं, इस युद्ध की लपटें लेबनान और ईरान तक पहुंच चुकी हैं। इस बीच, एक बार फिर हमले तेज हो गए हैं। इस्राइल द्वारा गाजा और लेबनान में हमले किए जाने से कई लोग मारे गए हैं। वहीं, इस्राइल को अमेरिकी सहायता की समय सीमा का सामना करना पड़ रहा है।



### अमेरिका की समय सीमा दो दिन बाद होगी समाप्त

दरअसल, इस्राइल के मुख्य सैन्य समर्थक संयुक्त राज्य अमेरिका ने 15 अक्तूबर को चेतावनी दी थी कि वह अपनी अरबों डॉलर की सहायता राशि में से कुछ रोक सकता है, जब तक कि इस्राइल 30 दिनों के भीतर गाजा पट्टी में सहायता वितरण में सुधार नहीं करता - यह समय सीमा बुधवार को समाप्त हो रही है।

बचावकर्मियों और अधिकारियों ने रविवार को बताया कि इस्राइलके हवाई हमलों में लेबनान और गाजा में दर्जनों लोग मारे गए। युद्ध निगरानीकर्ता ने बताया कि सीरिया की राजधानी दमिश्क के दक्षिण में एक और हमले में हिजबुल्ला कमांडर सहित नौ लोग मारे गए।

वहीं, गाजा पट्टी में बचावकर्मियों ने बताया कि क्षेत्र के उत्तर में इस्राइली हमलों में मारे गए 30 लोगों में 13 बच्चे भी शामिल हैं।

गाजा की नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने बताया कि पहला हमला जबालिया में एक घर पर हुआ, जिसमें 13 बच्चों सहित कम से कम 25 लोग मारे गए और 30 से अधिक घायल हो गए। रिश्तेदार अब्दुल्ला अल-नज्जर ने बताया कि सुबह करीब छह बजे अलौश परिवार के घर में बहुत बड़ा विस्फोट हुआ।

जब हम यहां पहुंचे तो सभी शव क्षत-विक्षत हो चुके थे। वहीं, दूसरा हमला गाजा शहर के सबरा इलाके में हुआ, जहां पांच लोग मारे गए। छह अक्तूबर से तेज हुए हमल पहले से ही तबाह उत्तरी गाजा में हमास को फिर से संगठित होने से रोकने की कसम खाते हुए, इस्राइल ने छह अक्तूबर को एक बड़ा हवाई और जमीनी हमला शुरू किया।

# एडिनबर्ग विश्वविद्यालय की अमीर छात्रों को चेतावनी
## गाइडलाइंस में कहा- घमंडी की तरह व्यवहार करना बंद करें

**लंदन ।** यूके स्थित एक विश्वविद्यालय ने अपने अमीर छात्रों को चेतावनी दी है कि वे अपने साथ पढ़ने वाले गरीब छात्रों के साथ घमंडी जैसा व्यवहार न करें। साथ ही विश्वविद्यालय ने गरीब छात्रों को चिढ़ाने को लेकर भी अमीर छात्रों को चेताया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यूके के एडिनबर्ग विश्वविद्यालय ने इसे लेकर गाइडलाइंस भी जारी हैं, जिसमें छात्रों को उन चीजों के बारे में बताया गया है, जिनका उन्हें पालन करना जरूरी है।




> **इन्हीं गरीब पृष्ठभूमि के छात्रों को अक्सर भेदभाव का शिकार होना पड़ता है। यही वजह है कि विश्वविद्यालय ने कुछ गाइडलाइंस जारी की हैं, जिनके जरिए विश्वविद्यालय के माहौल को समावेशी बनाने पर जोर है।**

दरअसल यूके के एडिनबर्ग विश्वविद्यालय में व्यापक भागीदारी कार्यक्रम के तहत गरीब पृष्ठभूमि से आने वाले छात्रों को भी दाखिला दिया जाता है। इन्हीं गरीब पृष्ठभूमि के छात्रों को अक्सर भेदभाव का शिकार होना पड़ता है। यही वजह है कि विश्वविद्यालय ने कुछ गाइडलाइंस जारी की हैं, जिनके जरिए विश्वविद्यालय के माहौल को समावेशी बनाने पर जोर है।

गाइडलाइंस में छात्रों से कहा गया है कि अभिमानी मत बनो। यह मत समझो कि हर किसी का जीवन या परिवार तुम्हारे जैसा है। साथ ही कहा गया है कि जब भी नए लोगों से मिलें तो उनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि जानने के बजाय उनकी रुचियों और आकांक्षाओं के बारे में जानने की कोशिश करें। गाइडलाइंस में ये भी कहा गया है कि गरीब पृष्ठभूमि के छात्र विश्वविद्यालय में अल्पसंख्यक हो सकते हैं, लेकिन व्यापक समाज में वे बहुसंख्यक हैं। दरअसल विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले गरीब छात्रों का कहना है कि उन्हें विश्वविद्यालय में अन्य होने का अनुभव होता है और इसकी वजह से उनके मन में यह भावना है कि वे विश्वविद्यालय के नहीं हैं।

पिछले हफ्ते यूके की ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी उस समय आलोचनाओं के घेरे में आ गई, जब यह पता चला कि कैंपस में व्यापक पैमाने पर मौजूद कैंसिल कल्चर के चलते एक छात्र ने आत्महत्या कर ली।

क्रिस्टी कॉलेज में मैटेरियल साइंस की पढ़ाई कर रहे छात्र एलेक्जेंडर रॉजर्स (20 वर्षीय) को उसके साथी छात्रों ने किन्हीं कारणों से बहिष्कृत कर दिया था। इससे दुखी होकर छात्र ने आत्महत्या कर ली थी।

# इस देश में नौ साल की बच्चियों की भी हो सकेंगी शादी? जानें वह कानून, जिसमें बदलाव की तैयारी

**बगदाद ।** बाल विवाह की कुरीति को खत्म करने की कोशिश पूरी दुनिया में जारी है। कुछ हद तक इस पर काबू भी पा लिया है। हालांकि, अभी भी कई ऐसे देश हैं, जो लगातार बाल विवाह को कानूनी करने की जद्दोजहद में लगे हुए हैं। दरअसल, हम बात कर रहे हैं इराक की। यहां शादी के उम्र में संशोधन की पूरी तैयारी है। दावा किया जा रहा कि सरकार लड़कियों की शादी की उम्र में कमी करने जा रही है। ऐसे में पुरुष नौ साल की लड़की से विवाह कर सकेंगे।

अगर यहां यह संशोधन पारित हो जाता है तो विवाह की उम्र न केवल कम हो जाएगी बल्कि महिलाओं के लिए तलाक, बच्चों की कस्टडी और प्रॉपर्टी जैसे खास अधिकार भी प्रतिबंधित हो जाएंगे। इसके साथ यह विधेयक ईराक के नागरिकों को पारिवारिक मामलों पर निर्णय लेने के लिए धार्मिक अधिकारियों या नागरिक न्यायपालिका को चुनने की भी अनुमति देगा।




### क्या है अब तक चला आ रहा कानून?

मिडिल ईस्ट आई के मुताबिक, पर्सनल स्टेटस लॉ 1959 के 188 नियम में बदलाव की बात हो रही है। पुराना नियम अब्दुल करीम कासिम सरकार ने बनाया था। कासिम की पहचान प्रोग्रेसिव लेफ्टिस्ट के तौर पर थी, जिनके समय में कई बड़े बदलाव लाए गए। इनमें से एक था- 18 साल की उम्र होने पर ही लड़कियों की शादी। पचास के दशक के आखिर में पूरे मिडिल ईस्ट में इसे सबसे बढ़िया कानूनों में माना गया था। निश्चित उम्र में शादी ही नहीं, यह नियम कई और बातें भी करता था, जैसे पुरुष मनमर्जी के दूसरी शादी नहीं कर सकते।

लॉ के अनुसार, मुस्लिम पुरुष और गैर-मुस्लिम महिला अगर शादी करना चाहें तो इसपर कोई शर्त या प्री-कंडीशन नहीं रहेगी। हालांकि, जितना सुनाई दे रहा है, कानून उतना भी सीधा नहीं था। आबादी को खुश करने के लिए इसमें एक नियम यह भी डाल दिया गया कि शादियां 15 वर्ष की आयु में भी हो सकती हैं, अगर परिवार और जज की इजाजत हो।

### विरोध के बावजूद पारित करना चाहती है कानून

शिया इस्लामिस्ट पार्टियों ने मिलकर एक फ्रेमवर्क तैयार किया, जिसमें इस बदलाव की बात है। बता दें कि फिलहाल इराक में मोहम्मद शिया अल-सुदानी की सरकार है, जो खुद एक शिया हैं और जिन्हें शिया पार्टियों का समर्थन मिला हुआ है।

## 'बाइडन इस्तीफा देकर हैरिस को बनाएं अमेरिका की पहली महिला राष्ट्रपति', उपराष्ट्रपति के पूर्व सहयोगी की सलाह

**वॉशिंगटन ।** कमला हैरिस के राष्ट्रपति चुनाव हार जाने से डेमोक्रेटिक पार्टी और उन्हें समर्थन दे रहे लोग निराश हैं। अब उपराष्ट्रपति हैरिस के एक पूर्व कर्मचारी ने राष्ट्रपति जो बाइडन से इस्तीफा देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि बाइडन इस्तीफा देकर उपराष्ट्रपति को देश की पहली महिला राष्ट्रपति बनाएं। हालांकि यह कार्यकाल थोड़े ही समय के लिए होगा।

उपराष्ट्रपति के पूर्व संचार निदेशक जमाल सिमंस ने एक टॉक शो के दौरान यह सुझाव दिया। बाद में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, 'जो बाइडन शानदार रहे हैं, लेकिन उन्हें एक आखिरी वादा पूरा करना चाहिए और वक्त की नजाकत को समझते हुए बदलाव की ओर कदम बढ़ाना चाहिए।' अगले एक महीने में दें इस्तीफा उन्होंने कहा कि बाइडन अगले 30 दिनों में इस्तीफा दे सकते हैं और कमला हैरिस को अमेरिका का राष्ट्रपति बना सकते हैं। इससे ट्रंप के लिए मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं।



अगले चुनाव में किसी महिला के लिए लड़ना आसान बना देगा।

पूरे परिप्रेक्ष्य को बदलने का समय

उन्होंने आगे कहा, 'इससे उन्हें छह जनवरी को अपनी हार के बाद होने वाले बदलावों की निगरानी करने से मुक्ति मिल जाएगी। और यह सुनिश्चित करेगा कि यह खबरों में छा जाए, एक ऐसे बिंदु पर जहां डेमोक्रेट्स को नाटक और पारदर्शिता सीखनी होगी और वे चीजें करनी होंगी जो जनता देखना चाहती है। यह हमारे लिए डेमोक्रेट्स के काम करने के तरीके के पूरे परिप्रेक्ष्य को बदलने का समय है।'

### कमला हैरिस को दें मौका

एक सवाल के जवाब में सिमंस ने कहा कि यह सबसे अच्छी चीज है जो बाइडन अब कर सकते हैं। उन्होंने कहा, 'यह जो बाइडन के नियंत्रण में है। अगर उन्होंने ऐसा किया, तो वह अपना आखिरी वादा पूरा करेंगे ।

# भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा ने जैन मंदिर में की पूजा-अर्चना

## मंदिर परिसर में एक विशेष सभा में समाज के लोगों ने संजीव शर्मा का समर्थन किया





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा ने सोमवार को शहर के ऐतिहासिक घंटाघर स्थित जैन मंदिर में भगवान के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर जैन समाज के प्रमुख नेता एवं विशिष्ट सदस्य अभिनव जैन सहित समाज के कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने संजीव शर्मा का हृदय से स्वागत किया। मंदिर परिसर में एक विशेष सभा का आयोजन हुआ, जिसमें समाज के लोगों ने संजीव शर्मा के समर्थन में अपना विश्वास व्यक्त किया। संजीव शर्मा को भारी बहुमत से विजयी बनाने की अपील की गई
घंटाघर जैन समाज के अध्यक्ष आर.सी. जैन ने समाज के सभी सदस्यों से संजीव शर्मा के समर्थन में आगे आकर उन्हें भारी बहुमत से विजय दिलाने की अपील की। सभा में सिद्धार्थ विहार, राजनगर, घंटाघर और आसपास के क्षेत्र से कई प्रतिष्ठित व्यक्ति उपस्थित रहे।

इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ सदस्य राजेंद्र मित्तल, इंदर सेन जैन, प्रदीप जैन, डी.के. जैन, अरुण जैन, पूर्व पार्षद राजेंद्र, महामंत्री अजय जैन सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभा में सभी ने संजीव शर्मा को उनके आगे के सफर के लिए शुभकामनाएं दीं।

### मेरे दिल में बसता है जैन समाज : संजीव शर्मा

**करंट क्राइम।** संजीव शर्मा ने अपने संबोधन में जैन समाज के प्रति अपनी गहरी निष्ठा प्रकट की और बताया कि वे लंबे समय से समाज से जुड़े हुए हैं। उन्होंने इंदिरापुरम जैन मंदिर के निर्माण और अन्य कार्यक्रमों में अपनी भागीदारी का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्हें हमेशा से जैन समाज से सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती रही है। संजीव शर्मा ने यह भी आश्वासन दिया कि चुनाव में जीतने के बाद वे फिर से भगवान का आशीर्वाद लेने आएंगे और जैन समाज के साथ हमेशा कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहेंगे।

# भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा की धर्मपत्नी रितु उतरी चुनाव प्रचार में





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** वार्ड नंबर 33 सराय नजर अली, बजरिया में लगातार तीसरी जनसभा के बाद बजरिया में आगामी 20 नवंबर 2024 को होने वाले उपचुनाव के संबंध में लगातार प्रचार किया जा रहा है। इसी क्रम में भाजपा नेता शरद शर्मा की अगवाई में भाजपा विधायक प्रत्याशी संजीव शर्मा की धर्मपत्नी रितु शर्मा ने महिला टोली संग वार्ड 33 वासियों के साथ मिलकर डोर टू डोर प्रचार कर भाजपा के पक्ष में 20 नवंबर 2024 को वोट करने की अपील की। सीधे सीधे तौर पर कमल के सामने वाला बटन दबाने के लिए कहा। जनसंपर्क कीर्तन वाली गली जीटी रोड से शुरू होकर, बजरिया तथा बजरिया के बाद तेली वाली गली, बजरिया गुरुद्वारे के बराबर वाली गली, कोतवाली वाली गली तथा बीएम कंपाउंड आदि स्थान पर हुआ। जनसंपर्क वार्ड 33 के निवर्तमान पार्षद प्रत्याशी शरद शर्मा एडवोकेट के शहर मंडल प्रभारी मोनिका पण्डिता की गरिमामई उपस्थिति में हुआ। जिसमें वार्ड की महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

# सुनील शर्मा ने बजरिया व सराय नजर अली में संजीव शर्मा के लिए जुटाया समर्थन

## 20 नवंबर को पहले मतदान करें, फिर अन्य कार्यों की ओर बढ़ें : कैबिनेट मंत्री





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सदर विधानसभा 56 पर भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा के समर्थन में आगामी 20 नवंबर को होने वाले उपचुनाव में अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित करने हेतु वार्ड 33, सराय नजर अली, बजरिया पर एक सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री और साहिबाबाद के विधायक सुनील शर्मा ने जनता को संबोधित किया और आगामी 20 नवंबर को मतदान में भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा सपा-बसपा पार्टी के पास अपना कोई प्रत्याशी नहीं है। कांग्रेस मैदान छोड़कर भाग गई है। ये सभी केवल चुनाव भाजपा को रोकने और भाजपा प्रत्याशी को नुकसान कितना और कैसे पहुंचाया जाए के मुद्दे पर लड़ाई करते हैं। जबकि भाजपा का विजन बिल्कुल क्लियर है वह विकास और सुशासन के नाम पर जनता के बीच में जाती है। उन्होंने जनता को उपचुनाव के महत्व को समझाते हुए यह संदेश दिया कि 20 नवंबर को पहले मतदान करें, फिर अन्य कार्यों की ओर बढ़ें। इस कार्यक्रम में शहर मंडल अध्यक्ष महिम गुप्ता, पार्षद शरद शर्मा की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता खजान सिंह ने की। कार्यक्रम का संचालन संयोजक शरद शर्मा द्वारा किया गया। मंडल प्रभारी मोनिका पंडित ने सभी सेक्टर संयोजकों, सेक्टर प्रभारियों, बूथ अध्यक्षों और वार्डवासियों का आभार व्यक्त किया।

# प्रदीन चौहान ने संजीव शर्मा के लिए मांगे वोट





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद शहर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा के समर्थन में नवयुग मार्केट में गर्मजोशी से किया गया प्रचार-प्रसार। प्रचार-प्रसार के दौरान प्रदीप चौहान ( क्षेत्रीय महामंत्री अनुसूचित मोर्चा भाजपा) ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर जनसंपर्क भी किया। आने वाली 20 नवंवर को देश के लोकतंत्र को सशक्त बनाने में अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें की अपील की गई।

# पार्षद प्रतिनिधि आशीष त्यागी ने किया सड़क निर्माण कार्य का उद्घाटन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा सेक्टर 10ए की बदहाल सड़क का पार्षद शिल्पा चौधरी के अथक प्रयास से निर्माण कार्य शुरू किया गया। जिसका उद्घाटन नारियल तोड़कर पार्षद प्रतिनिधि आशीष चौधरी ने किया। वसुंधरा सेक्टर 10 ए की जागृति रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने यह सड़क निर्माण कार्य होने पर पार्षद का आभार व्यक्त किया।

पार्षद प्रतिनिधि आशीष चौधरी ने बताया कि यह सड़क पार्षद निधि से बनाई जा रही है, उन्होंने कहा भाजपा की सरकार विकास कार्यों पर ही काम करती है। वार्ड 61 में सभी सेक्टर व ब्लॉक में कार्य हो रहे हैं, वहीं सफाई व्यवस्था भी ठीक चल रही है, उन्होंने बताया जो भी लोगों की जो भी समस्या आती है, उस को पूरा करने का प्रयास किया जाता है। इस अवसर पर जागृति रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के महासचिवः महेंद्र शर्मा , कोषाध्यक्षः नितीश भारद्वाज, नितिन शर्मा, प्रताप चौधरी, शिशिर सिंह, पवन यादव, अखिल रुहिला, हरिओम भाटी आदि लोग मौजूद रहे।

# मोनाड विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय राष्ट्रीय योगासन चैम्पियनशिप का शानदार समापन

## गाजियाबाद के नमन रावत को मिला प्रथम पुरस्कार






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मोनाड विश्वविद्यालय में योग स्पोर्टस फाउंडेशन के तत्वाधान में चल रहे तीन दिवसीय राष्ट्रीय योगासन चैम्पियनशिप का रविवार को भव्य समापन हुआ। इस राष्ट्रीय योगासन चैम्पियनशिप का वि.वि् के कुलाधिपति डॉ. एनके सिंह, कुलपति डॉ. मोहम्मद जावेद उपकुलपति आदि को पटका पहनाकर सम्मानित किया। निर्णायकों द्वारा इसी क्रम में पाँच से सात साल की श्रेणी की विजेताओं में वीति जैन, निशांत। आठ से बारह साल में हर्षिता, भव्य। तेरह से पन्द्रह साल में काशवी, नमन रावत। सोलह से बीस साल में यषीका, अंजलि जगलान, गरिमा गुप्ता, हिमांशु एवं उमेश कुमार। इक्कीस से पच्चीस में शीतल एवं निकिता, ओम कासरवानी, छब्बीस से तीस साल में फातिमा इरानी, शुभम वर्मा, इक्कतीस से चालीस साल में अनुराधा, मयंक सिंह, राजकुमारी, इक्तालीस से पचास साल में अंकिता, कृष्णा बिहारी। पचास की उम्र में पूनम, अबानी देय। सत्तर से अधिक उम्र की श्रेणी में चन्द्रशेखर। विजेताओं के नामों की घोषणा की गयी तथा सभी श्रेणियों के विजेताओं को पुरस्कार एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के समन्वयक स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स के संकायाध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार श्रीवास ने बताया कि इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, छत्तीसगढ़, गुजरात, राजस्थान आदि लगभग 18 राज्यों के विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों, महिला एवं पुरुषों ने प्रतिभाग किया है। इस कार्यक्रम में मंच का सफल संचालन योग स्पोर्ट्स फाउंडेशन के सचिव डॉ. शिवम मिश्रा एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. प्रदीप कुमार द्वारा किया गया। नमन के कोच साक्षी रावत और विजय साह ने भी नमन को साक्षी पावर योगा अकैडमी की तरफ से बहुत शुभकामनाएं दीं।

# अच्छी पहल : राधेश्याम त्यागी ने पार्षद निधि से होने वाले 80 लाख के कार्यों का किया उद्घाटन

## मैंने मकनपुर क्षेत्र की सूरत बदलने का संकल्प लिया है : पार्षद





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम वार्ड के पार्षद राधेश्याम त्यागी ने पार्षद निधि से 80 लाख की लागत से होने वाले निर्माण कार्यों का उद्घाटन किया। पार्षद निधि से बनी सीसी, इंटरलॉकिंग सड़क का उद्घाटन करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में रिकॉर्ड विकास कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैंने मकनपुर क्षेत्र की सूरत बदलने का संकल्प लिया है। क्षेत्र के विकास के लिए जो भी आवश्यक प्रयास होंगे वो किए जाएंगे। कुछ कार्य पूर्ण हो चुके हैं और काफी कार्य चल रहे हैं। पार्षद राधेश्याम त्यागी ने सोमवार को बताया कि वार्ड 57 गांव मकनपुर में लगभग 80 लाख रुपये पार्षद निधि से निर्माण कार्यों के लिए दिए गए हैं। उन्होंने आगे कहा, अंबेडकर मूर्ति व वाल्मीकि चौक के पास इंटरलॉकिंग सड़क का सुधार कार्य, सुबोध त्यागी से लिक्खी राम वाली गली, सुभाष त्यागी से राजकिशोर से बृजकिशोर त्यागी के मकान तक नाली व इंटरलॉकिंग टाइल्स द्वारा सुधार कार्य होना है। देवेंद्र त्यागी से सुरेंद्र त्यागी तक विनोद त्यागी से मंगू त्यागी व देवेंद्र त्यागी से रामे व बिजेंद्र त्यागी तक नाली व सीसी सड़क एवं देवेंद्र गुप्ता से सत्यपाल त्यागी तक व देवेंद्र से जयवीर तक नाली व सीसी सड़क साथ ही रामकिशोर शर्मा की चक्की से महेंद्र त्यागी के मकान तक नाली व इंटरलॉकिंग टाइल्स व गंगा शरण जाटव के मकान से दिनेश त्यागी के मकान तक नाली व इंटरलॉकिंग टाइल्स द्वारा सुधार कार्य होना है। इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि अंकुर त्यागी, जेई पूजा सिंह, दीपक भाटी, पुष्प कुमार, बल्लेराम, सालेकचंद, सोनू त्यागी, विजय त्यागी, विजेंदर त्यागी, हरकेश त्यागी, महेंद्र आदि लोग मौजूद रहे।

# क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी और पूर्ति निरीक्षक सहित कई अधिकारियों ने की पेट्रोल पम्प की सम्पूर्ण जांच





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** सोमवार को जिला पूर्ति अधिकारी गाजियाबाद की अध्यक्षता में गाजियाबाद जनपद के दो पेट्रोल पंप मै० मोहन कालरा, पसौंडा एवं मै० कृष्ण मुरारी फीलिंग स्टेशन लोनी की जाँच की गई। जाँच टीम में सदस्य के रूप में आनद प्रभु सिंह क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, सत्यप्रकाश मालवीय पूर्ति निरीक्षक, सीपी पांडेय बांट माप निरीक्षक एवं कंपनी के विक्रय प्रबंधक पंकज मिश्रा मौजूद रहे। शासन से प्राप्त निर्देशों के क्रम में पंप की सम्पूर्ण जाँच की गई, जिसमे पंप पर शौचालय, पेयजल एवं वाहन में भरे जाने वाली हवा, पंप के स्टॉक, बिक्री, डेंसिटी/तेल की गुणवत्ता एवं फायर आदि की जाँच की गई। बांट माप विभाग द्वारा डिस्पेन्सिग यूनिटों की नोजल से ग्राहको को दिए जाने वाले तेल की जाँच बाट मापक यंत्रों के माध्यम से की गई। इसके साथ ही अधिकारियों ने जनपद गाज़ियाबाद के समस्त पेट्रोल पंप को निर्देशित कि अपने पंप पर शासन से प्राप्त निर्देशों का बिन्दुवार अक्षरशः अनुपालन करें एवं समस्त औपचरकताएँ पूर्ण करायें। यह जाँच ऐसे ही अनवरत जारी रहेगी। यदि किसी पंप पर डीजल/पेट्रोल की बिक्री में एवं पंप संचालन में कोई अनियमत्ता पाई जाती है तो नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

# एआईआईबी और डीईए का गाजियाबाद दौरा

## यात्रा के दौरान दिल्ली - गाज़ियाबाद- मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर को देखा



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** एआईआईबी और डीईए के वरिष्ठ अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने आज दिल्ली -गाज़ियाबाद -मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर का दौरा किया। एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इनवेस्टमेंट बैंक (एआईआईबी) के निदेशक मंडल के सदस्यों सहित एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को भारत की अपनी 5 दिवसीय यात्रा के तहत दिल्ली, गाजियाबाद और मेरठ को जोड़ने वाले प्रथम आरआरटीएस कॉरिडोर को देखा। भारत एआईआईबी का संस्थापक सदस्य है और लगभग 10.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर के साथ इसका वित्तपोषण पोर्टफोलियो सबसे बड़ा है।

प्रतिनिधिमंडल ने साहिबाबाद से दुहाई आरआरटीएस स्टेशन तक नमो भारत ट्रेन में यात्रा की, जहां उन्होंने नमो भारत ट्रेनों की यात्री-केंद्रित विशेषताओं का अनुभव किया। उन्होंने यात्रियों की विविध आवश्यकताओं और सुविधा पर विस्तृत ध्यान देने के लिए एनसीआरटीसी की प्रशंसा की। उन्होंने विशेष रूप से, महिलाओं की ट्रेन ऑपरेटर, स्टेशन नियंत्रण अधिकारी आदि जैसी विभिन्न भूमिकाओं में उपस्थिति को देखते हुए एनसीआरटीसी की महिला - नेतृत्व में निर्देशित विकास की सराहना की। इस यात्रा के दौरान, इस परियोजना के लिए अपनाई जा रही कई अभूतपूर्व तकनीकों का प्रदर्शन भी किया गया। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने इस परिवर्तनकारी गतिशीलता समाधान के लिए एलटीई बैकबोन पर ईटीसीएस-2 सिग्नलिंग जैसी नवीनतम तकनीकों की भी जानकारी ली।

### एनसीआरटीसी के अधिकारी रहे मौजूद

इस यात्रा के दौरान प्रतिनिधिमंडल के साथ वित्त मंत्रालय के आर्थिक कार्य विभाग (डीईए) के अधिकारी और एनसीआरटीसी के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक शलभ गोयल ने एनसीआरटीसी के गतिशक्ति भवन स्थित कॉर्पोरेट ऑफिस में सभी का वेलकम किया। प्रतिनिधिमंडल को परियोजना का विस्तृत विवरण और एनसीआरटीसी द्वारा की गई विभिन्न अभिनव पहलों, परियोजना में आने वाली चुनौतियों आदि को शामिल करते हुए एक विस्तृत प्रस्तुति दी गई।

## प्रचार-प्रसार



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शहर में सियासी हलचल हो ओर वेद प्रकाश गर्ग खादी वालों के प्रतिष्ठान प्रकाश टेक्सटाइल पर दस्तक न हो ये तो हो ही नहीं सकता। शहर विधानसभा उप चुनाव में बीजेपी उम्मीदवार संजीव शर्मा जब वेदप्रकाश गर्ग के प्रतिष्ठान प्रकाश टेक्सटाइल पर पहुंचे तो वेदप्रकाश गर्ग और उनके बेटे हिमांशु प्रकाश गर्ग ने संजीव शर्मा का पटका पहना कर सम्मान किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद राजीव शर्मा तथा महानगर महामंत्री सुशील गौतम का भी सम्मान किया गया।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

Trilok Choudhary is with Deepak Bhati and 20 others.
32m ·

भोले नाथ की कृपा से आज चौधरी परिवार मैं कार के रूप में एक सदस्य का आगमन हुआ wish to banta हैं. Jai baba ki 💐 🙏



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** एक खुशी एक परिवार ओर कार। चौधरी परिवार में कार वाली खुशी आई है। पूजा अर्चना कराई और फिर इस पल को फेसबुक पर साझा किया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।